इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 191 | राजनांदगांव, शनिवार 30 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# ईरान पर अंतिम फैसला लेने जा रहे राष्ट्रपति ट्रंप, कहा- ईरान परमाणु बम नहीं बनाएगा, होर्मुज से नाकाबंदी हटाएगा अमेरिका

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि अमेरिका होर्मुज से नाकाबंदी हटाएगा, लेकिन ईरान को कभी भी परमाणु हथियार नहीं रखने की बात माननी ही होगी. उन्होंने कहा कि ईरान पर अंतिम फैसला जल्द लेंगे. डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह सिचुएशन रूम में मीटिंग कर रहे हैं ताकि आखिरी फैसला कर सकें. उन्होंने उन सभी बातों की लिस्ट बनाई है जो ईरान को युद्ध खत्म करने के लिए डील को मंजूरी देने के लिए करनी होंगी. बता दें कि ईरान और अमेरिका के बीच 60 दिनों की सीजफायर के लिए समझौता हुआ था, लेकिन उस पर ईरान और ट्रंप की मुहर नहीं लगी थी.

ट्रंप ने एक ट्रुथ सोशल पोस्ट में मांग की कि ईरान को कभी भी न्यूक्लियर वेपन न रखने के लिए मानना ही होगा, और कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को दूसरी शर्तों के साथ, बिना रोक-टोक वाले शिपिंग ट्रैफिक के लिए तुरंत खोलना होगा. ट्रंप ने कहा कि ईरान को मानना होगा कि उनके पास कभी भी न्यूक्लियर वेपन या बम नहीं होगा. होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत खोलना होगा, बिना किसी टोल के, दोनों तरफ से बिना रोक-टोक वाले शिपिंग ट्रैफिक के लिए. सभी वॉटर माइंस (बम), अगर कोई हैं, तो उन्हें खत्म कर दिया जाएगा.



होर्मुज से नाकाबंदी हटाने का ट्रंप का ऐलान

उन्होंने कहा कि हमने अपने बड़े अंडरवाटर माइन स्वीपर्स से डेटोनेशन के जरिए ऐसी कई माइंस हटा दी हैं. ईरान बची हुई किसी भी माइंस को तुरंत हटाने और डेटोनेशन का काम पूरा करेगा, जो ज्यादानहीं होंगी. उन्होंने कहा कि नेवल ब्लॉकेड की वजह से स्ट्रेट में फंसे जहाज, जो अब हटा दिया जाएगा, घर लौटने का प्रोसेस शुरू कर सकते हैं. आपकी पत्नियों, पतियों, माता-पिता और परिवारों को मेरी तरफ से, आपके पसंदीदा राष्ट्रपति की तरफ से हैलो कहना!

उन्होंने कहा कि एनरिच्ड मटीरियल, जिसे कभी-कभी न्यूक्लियर डस्ट भी कहा जाता है, जो 11 महीने पहले हमारे पावरफुल B2 बॉम्बर अटैक की वजह से जमीन के नीचे लगभग ढह चुके पहाड़ों के साथ दबा हुआ है, और उसके ऊपर रखा है, उसे यूनाइटेड स्टेट्स इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, और इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी के साथ मिलकर निकालेगा और डिस्ट्रॉय करेगा.

### हमें बातों पर नहीं, एक्शन पर भरोसाः ईरान

दूसरी ओर, ईरान के पार्लियामेंट्री स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ के नाम से एक सोशल मीडिया अकाउंट ने शुक्रवार सुबह एक ट्रांसलेटेड एक्स पोस्ट में बातचीत की स्थिति का एक रहस्यमयी लेकिन अग्रेसिव ब्यौरा दिया. गालिबफ ने लिखा, हम बातचीत से नहीं, बल्कि मिसाइलों से रियायतें हासिल करते हैं; बातचीत में, हम उन्हें सिर्फ समझाते हैं.

पोस्ट में कहा गया, हमें गारंटी या बातों पर कोई भरोसा नहीं है -सिर्फ एक्शन ही पैमाना है. दूसरी तरफ से एक्शन लिए बिना कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा. उन्होंने कहा, किसी भी समझौते का विजता वह होता है जो अगले दिन से युद्ध के लिए बेहतर तरीके से तैयार रहता है.

# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मानी एनटीए की गलती, कहा- पेपर लीक करने वाले पापी, सभी को सजा दिलाएंगे



नई दिल्ली। नीट पेपर लीक मामले के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पिछली बार नीट में जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए था। जिन पर हम लोगों का भरोसा था, जिन शिक्षकों को पेपर ट्रांसलेट करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन लोगों ने ही इसे लीक कर दिया। सीबीआई की जांच जारी है, जो भी गुनहगार हैं, जो भी ताकतवर व्यक्ति हैं, उनको कानून की दायरे में लाया जाएगा। ऐसा दोबारा न हो इसके लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि राधाकृष्ण कमेटी के शॉर्ट टर्म रिकमेंडेशन में से 70 फीसदी लागू किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के पहले सारे सेंटर सरकारी नहीं होते थे। राधाकृष्णन कमेटी ने कहा कि हर सेंटर सरकारी हो। 2026 की नीट में कोशिश किया कि 92 प्रतिशत से 95 प्रतिशत सरकारी भवन में परीक्षा हो। इस बार हमने निर्णय किया सारे के सारा सरकारी भवन ही हों।

### नकल माफियाओं का नेटवर्क खत्म करेंगे

शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश में नकल माफियाओं का नेटवर्क खत्म करने के लिए हर संभव उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर एनटीए के लोग ही पेपर लीक करने लगेंगे तो मुश्किल बढ़ जाती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसमें जो भी लोग शामिल हैं, उनको हर हाल में सजा दिलाई जाएगी। इन लोगों ने भरोसा तोड़ा है। इस प्रक्रिया में शामिल लोगों की जिम्मेदारी तय करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश से हर पेपर माफिया को खत्म करके रहेगी।

### हर जिले के कलेक्टर के साथ मॉनिटरिंग

शिक्षा मंत्री ने बताया कि राधाकृष्ण कमेटी ने चुनाव की तरह व्यवस्था करने की बात कही थी। ऐसे में हर परीक्षा केंद्र की अपडेट लेने के लिए उस जिले के कलेक्टर के साथ संपर्क किया गया और पूरी व्यवस्था की गई। हालांकि, ट्रांसलेट करने वाले लोग ही अगर पेपर याद करके लीक कर देंगे तो परेशानी बढ़ जाती है, लेकिन इससे निपटने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नीट पेपर लीक मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने राहुल गांधी को लेकर कहा, राहुल गांधी मूलत बिना तथ्य के बोलने वाले एक नेता बन चुके हैं। हमारे दुर्भाग्य हमारे देश के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आज भारत आएंगे म्यांमार के राष्ट्रपति, व्यापार और सीमा सुरक्षा पर होगी अहम चर्चा



नई दिल्ली। म्यांमार के राष्ट्रपति 30 मई से चार दिन के आधिकारिक दौरे पर भारत आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने इस यात्रा को भारत-म्यांमार संबंधों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रपति 2 जून तक भारत में रहेंगे और दिल्ली, बोधगया तथा मुंबई का दौरा करेंगे। इस दौरान उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अहम बैठक होगी, जिसमें दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की जाएगी। ऐसे समय में यह दौरा हो रहा है, जब भारत अपने पूर्वोत्तर क्षेत्र की सुरक्षा, सीमा संपर्क और एक्ट ईस्ट नीति को नई मजबूती देने की कोशिश कर रहा है। म्यांमार भारत के लिए केवल पड़ोसी देश नहीं, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया तक पहुंच का अहम द्वार भी माना जाता है।

### भारत-म्यांमार रिश्तों में क्या है सबसे अहम?

विदेश मंत्रालय ने साफ कहा कि दोनों देशों के बीच सीमा सुरक्षा, कनेक्टिविटी, व्यापार और सभ्यतागत रिश्तों से जुड़े सभी मुद्दों पर बातचीत होगी। भारत और म्यांमार करीब 1600 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा और उग्रवाद विरोधी अभियानों में म्यांमार की भूमिका अहम मानी जाती है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच सड़क, बंदरगाह और व्यापारिक संपर्क बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। भारत की कोशिश है कि म्यांमार के जरिए दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों तक आर्थिक पहुंच और मजबूत हो। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नीट लीक पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, परिवारों की पीड़ा पर जताई चिंता, केंद्र ने बताया- पीएम खुद कर रहे निगरानी




नई दिल्ली। नीट यूजी पेपर लीक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही को लेकर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि ऐसी घटनाएं केवल छात्रों के लिए ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी बेहद दर्दनाक होती हैं। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि देश के युवाओं को निराश नहीं किया जाना चाहिए।

### जवाबदेही तय हुए बिना समस्या नहीं रुकेगी

जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच नीट यूजी मामले से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें एक याचिका नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को बदलने या उसके पुनर्गठन की मांग से भी जुड़ी है, ताकि मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जा सके। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, असल समस्या तब तक खत्म नहीं होगी, जब तक वास्तविक जवाबदेही तय नहीं होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि इस तरह की घटनाएं होती हैं, तो इसका गहरा असर छात्रों और उनके परिवारों पर पड़ता है, क्योंकि वे इस परीक्षा से भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं।

### सरकार गंभीर, पीएम मोदी कर रहे निगरानीः सॉलिसिटर जनरल

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि केंद्र सरकार छात्रों की चिंताओं को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं ताकि परीक्षा प्रक्रिया में किसी तरह की कमी न रह जाए। मेहता ने कोर्ट को यह भी जानकारी दी कि 21 जून को होने वाली नीट यूजी री-टेस्ट परीक्षा के लिए कुछ नई सुरक्षा व्यवस्थाएं और तंत्र (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मंजूर किया सिद्धारमैया का इस्तीफा, राज्य में सत्ता परिवर्तन का रास्ता साफ



नई दिल्ली। कर्नाटक की राजनीति में लंबे समय से चल रही अनिश्चितता और कयासबाजियों पर आखिरकार पूरी तरह विराम लग गया है। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे को आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया है।

सिद्धारमैया ने गुरुवार को राजभवन पहुंचकर अपना त्यागपत्र सौंपा था, लेकिन उस समय राज्यपाल के बेंगलुरु से बाहर होने के कारण इसे औपचारिक मंजूरी आज सुबह दी गई। राजभवन की ओर से पत्र जारी होने के बाद राज्य में बड़े नेतृत्व परिवर्तन का रास्ता साफ हो गया है। राज्यपाल ने नई वैकल्पिक व्यवस्था और शपथ ग्रहण होने तक सिद्धारमैया को कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभालने का अनुरोध किया है। सिद्धारमैया का इस्तीफा मंजूर होते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के अगले मुख्यमंत्री बनने की संभावना बेहद मजबूत हो गई है। साल 2023 में सरकार गठन के समय से ही दोनों दिग्गज नेताओं के बीच चल रही तीन साल की शह-मात का खेल अब समाप्त हो चुका है। राजनीतिक सरगर्मियों के बीच डीके शिवकुमार और निवर्तमान सीएम सिद्धारमैया दोनों ही इस समय दिल्ली पहुंच चुके हैं। आज शाम को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ दोनों नेताओं की एक बेहद महत्वपूर्ण और हाई-लेवल बैठक होने जा रही है। इस दिल्ली दौरे के दौरान कांग्रेस आलाकमान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पूर्व सीएम विजयन के घर ईडी छापे के बाद एक्शन में सीएम सतीशनः

# बोले- अधिकारियों पर हमला गंभीर अपराध



तिरुवनंतपुरम। केरल में पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आवास पर ईडी की छापेमारी के बाद हुए बवाल को लेकर मुख्यमंत्री सतीशन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि जांच एजेंसियों के अधिकारियों पर हमला किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह एक गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन कानून हाथ में लेने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती।

सतीशन ने कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हिंसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम ने केरल की राजनीति को गर्मा दिया है। हालांकि विजयन ने कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा केंद्र सरकार जब कांग्रेस नेताओं पर इन एजेंसियों का प्रयोग करती हैं, तभी कांग्रेस ईडी का विरोध करती है। उन्होंने कांग्रेस के रुख को संकीर्ण सोच करार देते हुए कहा कि विपक्षी दलों को एकजुट होकर ऐसी कार्रवाई का विरोध करना चाहिए।

### विजयन ने कांग्रेस पर क्या आरोप लगाए?

विजयन ने दावा किया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई के समय कांग्रेस ने सवाल उठाए थे कि उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा। बाद में जब मामला दर्ज हुआ तो कांग्रेस ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केजरीवाल ने उनके खिलाफ हुई ईडी कार्रवाई की आलोचना की, लेकिन कांग्रेस अब भी अपना रुख नहीं बदल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ईडी ने उनकी बेटी वीणा टी के एक खाते को बंद किया है। हालांकि, छापेमारी के दौरान उनसे कोई पूछताछ नहीं की गई, जबकि वह मौके पर मौजूद थे। विजयन ने यह भी कहा कि उनके तिरुवनंतपुरम स्थित किराये के घर पर छापेमारी के बाद ईडी अधिकारियों पर हुए हमले को लेकर माकपा नेताओं ने प्रदर्शन को शांतिपूर्ण बनाए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बंगाल में एक अगस्त से होगी जनगणनाः सीएम शुभेंदु बोले- 600 किमी. खुली सीमा से कुछ हिस्सों में हुए जनसांख्यिकीय बदलाव



कोलकाता। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने घोषणा की है कि पश्चिम बंगाल में एक अगस्त से जनगणना शुरू होगी। यह प्रक्रिया अगले साल फरवरी के अंत तक चलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस जनगणना का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के कुछ हिस्सों में बदलती आबादी पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि घुसपैठ की वजह से बंगाल के कई इलाकों का जनसांख्यिकीय ढांचा बदल गया है। उनके अनुसार, बांग्लादेश के साथ लगी सैकड़ों किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ नहीं लगी है। इसी खुली सीमा की वजह से घुसपैठ हो रही है, जिससे आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। राज्य सचिवालय नबन्ना में हुई एक बैठक के बाद उन्होंने लोगों से इस प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेहतर शासन और भविष्य की योजनाएं बनाने के लिए जनगणना के सही आंकड़े बहुत जरूरी हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, देश जनगणना के काम में काफी आगे निकल गया है, जबकि पश्चिम बंगाल इस मामले में पीछे रह गया है। अब राज्य को दूसरे राज्यों की बराबरी करनी होगी। शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के कुछ हिस्सों में बदलती आबादी पर भी चिंता जताई। उन्होंने इसका मुख्य कारण सीमा पार से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुप्रीम कोर्ट से आशुतोष महाराज को बड़ा झटका, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की जमानत रहेगी बरकरार



नई दिल्ली। प्रयागराज के माघ मेला और पाक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट से ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को बहुत बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता आशुतोष महाराज की उस याचिका को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा शंकराचार्य को दी गई अग्रिम जमानत और गिरफ्तारी पर रोक के आदेश को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस रुख के बाद शंकराचार्य की कानूनी सुरक्षा बरकरार रहेगी और उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक जारी रहेगी।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 25 मार्च को दी थी अग्रिम जमानत

इससे पहले, 25 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की सिंगल बेंच ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद की अग्रिम जमानत मंजूर की थी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया था कि पुलिस की चार्जशीट दाखिल होने तक शंकराचार्य की गिरफ्तारी नहीं की जाएगी, बशर्ते वे जांच में पूरी तरह सहयोग करें। हालांकि, कोर्ट ने कुछ कड़ी शर्तें भी लगाई थीं, जिसके तहत दोनों पक्षों को मीडिया में बयानबाजी और इंटरव्यू देने पर पूरी तरह रोक लगाई गई थी और शंकराचार्य के विदेश जाने पर भी पाबंदी लागू की गई थी।

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ने दर्ज कराई थी एफआईआर

इस पूरे विवाद की शुरुआत प्रयागराज माघ मेले के दौरान हुई थी, जहां 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य और मेला प्रशासन के बीच तीखा विवाद हुआ था। इसके ठीक आठ दिन बाद, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से लिखित शिकायत की थी। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई न करने पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में इबोला को लेकर अलर्टः रायपुर एयरपोर्ट आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग शुरू



रायपुर। लोगों की इबोला वायरस को लेकर बढ़ती चिंता के बीच छत्तीसगढ़ में सावधानी बरती जा रही है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने बाहरी राज्यों और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की अनिवार्य जांच शुरू कर दी है। राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना में अलर्ट जारी कर दिया गया है। यहां आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग शुरू हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर एयरपोर्ट और अन्य प्रवेश केंद्रों पर निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके।

संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ ने एक आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इबोला संक्रमण की रोकथाम यात्रियों की स्वास्थ्य जांच और आवश्यक प्रबंध व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एयरपोर्ट परिसर में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये। नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग व्यवस्था का समन्वय करेगा। इसके अलावा संदिग्ध मामलों की पहचान कर संबंधित स्वास्थ्य विभाग को तत्काल सूचना देना, आइसोलेशन रेफरल एवं आपातकालीन प्रबंधन की व्यवस्था भी वह सुनिश्चित करना होगा।

### इधर, राज्य सरकार भी एक्टिव

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ ने भविष्य में इबोला संक्रमण को देखते हुए प्रदेश के सर्विलेंस अधिकारी एवं उपसंचालक द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। इबोला वायरस एक अत्यधिक जानलेवा और संक्रामक बीमारी है, जो गंभीर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जहां पहुंचना भी मुश्किल था, वहां खड़ी हुई बीएसएफ की जी-7 चौकी, भारत-पाक सीमा पर 175 करोड़ का सुरक्षा कवच



नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में शुक्रवार को बड़ा कदम उठाया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के भुज में स्थित जी-7 बॉर्डर आउटपोस्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संवेदनशील हरामी नाला क्षेत्र में मजबूत सुरक्षा नेटवर्क तैयार करने के लिए कई बड़ी तकनीकी चुनौतियों को पार किया गया है।

उद्घाटन कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य के गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी भी मौजूद रहे। अमित शाह ने बीएसएफ जवानों से मुलाकात की और एक नीम का पौधा भी लगाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, यहां से कुछ किलोमीटर दूर, बनासकांठा में, एक केंद्र स्थापित किया गया था ताकि आम जनता को आप सभी द्वारा निभाए जाने वाले कर्तव्यों से अवगत कराया जा सके। इस केंद्र का निर्माण लगभग 175 करोड़ रुपये की लागत से किया गया था। आज जी-7 और जी-13 परियोजनाओं का लोकार्पण किया जा रहा है। जब मैंने देश के गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला, तो बीएसएफ के साथ अपनी पहली ही समीक्षा बैठक के दौरान यह पाया गया कि हरामी नाला सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील प्रतीत होता है। अमित शाह ने कहा कि हरामी नाला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना आसान नहीं था। इलाके की भौगोलिक परिस्थितियां और तकनीकी समस्याएं बड़ी चुनौती थीं, लेकिन सरकार ने धीरे-धीरे मजबूत सुरक्षा ग्रिड तैयार कर लिया। उन्होंने कहा, हम धीरे-धीरे इस पूरे क्षेत्र में एक मजबूत सुरक्षा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुप्रीम कोर्ट ने टीईटी पास करने की समय सीमा एक साल बढ़ाई, देशभर के लाखों टीचर्स को राहत



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हजारों शिक्षकों को राहत देते हुए टीईटी पास करने की डेडलाइन एक साल के लिए बढ़ा दी है। अब शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी परीक्षा पास करनी होगी। पहले यह समयसीमा 31 अगस्त 2027 थी।

यह फैसला उन शिक्षकों के लिए राहत भरा है जिन्होंने अभी तक परीक्षा पास नहीं की है। कोर्ट के इस निर्णय से विशेष रूप से उन राज्यों में तनाव कम होने की उम्मीद है जहां बड़ी संख्या में शिक्षक टीईटी की अनिवार्यता पूरी नहीं कर पाए थे। शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग को खारिज कर दिया गया है। कोर्ट ने शिक्षकों से अपील की कि वे केवल अपनी नौकरी बचाने तक सीमित न रहें। मुख्य न्यायिक प्रक्रिया के दौरान बेंच ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर भी ध्यान देना चाहिए।

### रामलीला मैदाम में प्रदर्शन

कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश के लगभग 30 हजार शिक्षकों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया था। शिक्षक लंबे समय से इस नियम में छूट या समय विस्तार की मांग कर रहे थे। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टीईटी को अनिवार्य किया था। इसके बाद कई राज्यों में बड़ी संख्या में शिक्षक प्रभावित हुए जिन्होंने अभी तक यह परीक्षा पास नहीं की थी। समयसीमा खत्म होने की वजह से उनकी नौकरी पर संकट मंडराने लगा था। इसी को देखते हुए याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## पहला कॉलम...

### अशांति फैलाने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने क्षेत्र में अनावश्यक वाद-विवाद कर अशांति फैलाने वाले दो शातिर बदमाशों को धर दबोचा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है। चिखली चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कांकेतरा में दो व्यक्ति आपस में विवाद कर माहौल खराब कर रहे हैं। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी पूनम बघेल (46 वर्ष) पिता खोरबाहरा बघेल एवं कमलेश गोंड (36 वर्ष) पिता हेमराय गोंड (दोनों निवासी कांकेतरा) को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी सार्वजनिक स्थान पर वाद-विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे। जिससे क्षेत्र में किसी अप्रिय घटना के घटित होने की प्रबल आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने दोनों बदमाशों के विरुद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें तत्काल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। चौकी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### निर्वाचन संबंधी कार्यों में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगे मुन्ना इब्राहिम



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव द्वारा निर्वाचन संबंधी शासकीय एवं चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कार्यों हेतु मुन्ना इब्राहिम को कांग्रेस पार्टी का अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विधिवत सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी राजनांदगांव को प्रेषित कर दी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान द्वारा जारी बयान में जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि मुन्ना इब्राहिम को चुनाव संबंधी ईवीएम मशीनों, निर्वाचन प्रक्रिया एवं जिला निर्वाचन शाखा से जुड़े समस्त कार्यों के समन्वय और सम्पादन का दायित्व सौंपा गया है। वे कांग्रेस पार्टी की ओर से निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं संगठनात्मक समन्वय को लेकर गंभीर है तथा जिम्मेदार एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जा रहे हैं। मुन्ना इब्राहिम ने इस नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष विपिन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश डाकलिया एवं कांग्रेस पार्टी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा, सजगता एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करेंगे।

### घुमका में चल रही कमल की आंधी, ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही भाजपा

#### नगर पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल, जनसमर्थन से कार्यकर्ता उत्साहित



राजनांदगांव (दावा)। घुमका नगर पंचायत चुनाव अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और पूरे क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त जनसमर्थन का माहौल दिखाई दे रहा है। घर-घर पहुंच रही भाजपा की नीतियों, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों के प्रति जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा एवं सभी वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों को आम जनता, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। जनसंपर्क के दौरान हर वर्ग के लोगों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि घूमका के विकास, सुशासन और पारदर्शी प्रशासन के लिए भाजपा ही सबसे बेहतर विकल्प है। भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है और नगर में 'अबकी बार विकास की सरकार' का वातावरण साफ दिखाई दे रहा है। पिछले वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, सड़क, पेयजल, स्वच्छता एवं जनहित योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचा है। जिसके कारण मतदाताओं में भाजपा के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। जनता यह समझ चुकी है कि केवल भाजपा ही नगर के समग्र विकास, युवाओं को अवसर, महिलाओं को सम्मान और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने का कार्य कर सकती है। दूसरी ओर विपक्ष केवल भ्रम फैलाने और नकारात्मक राजनीति करने में लगा हुआ है। जबकि भाजपा सकारात्मक सोच और विकास के एजेंडे के साथ जनता के बीच पहुंच रही है। नगर पंचायत घुमका में इस बार ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा का परचम लहराना तय माना जा रहा है। जनता का उत्साह और समर्थन यह संकेत दे रहा है कि आने वाले परिणाम भाजपा के पक्ष में होंगे और घुमका विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा।

# बसंतपुर सब्जी मंडी बना असामाजिक तत्वों का अड्डा, हमालों के साथ बर्बर मारपीट

## आक्रोशित हमालों व थोक सब्जी व्यवसायियों ने बसंतपुर थाने का किया घेराव, बोला धावा

### आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और मंडी परिसर में पुलिस चौकी खोलने की मांग, पुलिस ने बदमाशों को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। शहर का बसंतपुर स्थित आदर्श थोक सब्जी मंडी इन दिनों असामाजिक तत्वों और हुड़दंगबाजों का गढ़ बन चुका है। मंडी परिसर में इन शरारती तत्वों का जमावड़ा रहने से आए दिन यहां सब्जी बेचने आने वाले वनांचल के किसानों, दिन-रात मेहनत करने वाले हमालों (मजदूरों) और आम खरीदारों के साथ गाली-गलौज व मारपीट की घटनाएं आम हो चुकी हैं। इसके कारण मंडी आने वाले लोग इन बदमाशों से खौफजदा हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार 29 मई की सुबह इन असामाजिक तत्वों ने मंडी में काम करने वाले हमालों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना से सब्जी व्यापारियों और हमालों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने लामबंद होकर भीड़ की शक्ल में सीधे बसंतपुर थाने में धावा बोल दिया। आक्रोशित व्यापारियों ने थाना प्रभारी एमन साहू को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने और सुरक्षा के लिहाज से मंडी परिसर के भीतर तत्काल पुलिस सहायता केंद्र (चौकी) खोले जाने की पुरजोर मांग की है।



### तड़के सुबह डंडे से किया जानलेवा वार, सिर फूटा

उल्लेखनीय है कि बसंतपुर सब्जी मंडी में सुबह 4 बजे से ही सब्जियों से लदी गाड़ियों का आना और थोक व्यापार शुरू हो जाता है। तड़के सुबह ही सैकड़ों की संख्या में मजदूर, व्यापारी और चिल्हर विक्रेता मंडी पहुंच जाते हैं। इसी व्यस्तता का फायदा उठाकर नशेड़ी और असामाजिक तत्व यहां हुड़दंग मचाते हैं। जिसके चलते पूर्व में चाकूबाजी की वारदातें भी हो चुकी हैं। शुक्रवार तड़के करीब 3 से 4 बजे के बीच, जब मंडी में काम चल रहा था। तब बसंतपुर वार्ड के दो आदतन बदमाश हिमांशु यादव एवं अंकुश राजपूत शराब के नशे में धुत होकर हाथ में लाठी-डंडा और धारदार हथियार लहराते हुए मंडी में घुस आए। दोनों ने बिना किसी कारण के वहां काम कर रहे एक हमाल के सिर पर लकड़ी के भारी डंडे से ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया।

### मंडी में उप-पुलिस चौकी खोलने की मांग पर अड़े व्यापारी

इस दुस्साहसिक वारदात से आक्रोशित होकर थोक सब्जी व्यापारी संघ के अध्यक्ष सहित मयंक सायन, पुष्पेंद्र साहू, अश्विनी निर्मलकर, कुशल निर्मलकर व सैकड़ों की संख्या में पहुंचे हमालों ने थाने का घेराव कर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि मंडी में आए दिन होने वाले विवादों को स्थाई रूप से रोकने के लिए वहां पुलिस बल की तैनाती या उप-चौकी खोलना बेहद जरूरी हो गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बसंतपुर थाना पुलिस तत्काल एक्शन मोड में आई। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गैर-जमानती धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा। पुलिस ने साफ किया है कि मंडी की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले गुंडा तत्वों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

### बीच-बचाव करने आए अन्य कर्मचारियों को भी पीटा, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ित युवक मंडी स्थित फर्म दशरथ लाल हरीलाल साहू के यहां कार्यरत है। जब तस्करों द्वारा उस पर जानलेवा हमला किया गया, तो आसपास की दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। इस पर आगबबूला होकर आरोपी हिमांशु और अंकुश ने बीच-बचाव कर रहे कुशल निर्मलकर, पुष्पेंद्र साहू और अश्विनी निर्मलकर के साथ भी बेरहमी से मारपीट की। इस पूरे उपद्रव और मारपीट की लाइव वारदात मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई है। जिसका फुटेज पुलिस को सौंप दिया गया है।

> "आरोपियों के खिलाफ़ त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।
>
> **एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर**

# छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने जूनियर नेशनल बास्केटबॉल में जीता स्वर्ण पदक




○ पुदुचेरी में खेले गए रोमांचक फाइनल में केरल को 55-51 से दी पटखनी, राजनांदगांव की बेटियों का रहा दबदबा

○ एडहॉक कमेटी के निष्पक्ष चयन से वर्षों बाद टीम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, लीग मैचों में तमिलनाडु और कर्नाटक को भी धूल चटाई

राजनांदगांव/पुदुचेरी (दावा)। छत्तीसगढ़ की बालिका बास्केटबॉल टीम ने पुदुचेरी में इतिहास रचते हुए जूनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम कर लिया है। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) द्वारा पुदुचेरी बास्केटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के बेहद रोमांचक और कड़े फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की बेटियों ने केरल की मजबूत टीम को 55-51 अंकों के अंतर से परास्त कर खिताबी जीत हासिल की। फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की ओर से स्टार खिलाड़ी दिव्या रंगारी ने सर्वाधिक 22 अंक बटोरे। वहीं कप्तान अंजलि कोडापे ने 14 अंक, रूमी कोनवर और अंजनी ने 7-7 अंक, अदिति कोडापे ने 3 अंक तथा सारा सिंह ने 2 अंक का योगदान देकर अपनी टीम को चैंपियन बनाने में महती भूमिका निभाई। इसके अलावा सोफी सिका एवं नंदनी माधो प्रधान ने भी पूरे मैच के दौरान मैदान पर उत्कृष्ट डिफेंस और तालमेल का प्रदर्शन किया।

### सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल में भी दिखाया दम

स्वर्ण पदक के सफर में छत्तीसगढ़ की टीम का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में अजेय और आक्रामक रहा। टीम ने हाई-स्कोरिंग सेमीफाइनल मैच में कर्नाटक की मजबूत टीम को 67-62 से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया था। इससे पहले, क्वार्टर फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने महाराष्ट्र की टीम को एकतरफा मुकाबले में 56-44 अंकों से परास्त किया था। वहीं लीग मैचों के दौरान टीम ने पिछले कई वर्षों से लगातार गोल्ड मेडल जीत रही तमिलनाडु और कर्नाटक जैसी दिग्गज टीमों को हराकर अपनी बादशाहत साबित की थी।

### स्थानीय विवाद के बीच एडहॉक कमेटी का निष्पक्ष चयन लाया रंग

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ में चल रहे आंतरिक विवाद के कारण बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा टीम के निष्पक्ष चयन के लिए एक विशेष एडहॉक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में कोई भी स्थानीय सिलेक्टर (चयनकर्ता) शामिल नहीं था। इस स्वर्ण पदक विजेता टीम का चयन फेडरेशन की चयन समिति के चेयरमैन शक्ति सिंह गोहिल और भारतीय बास्केटबॉल टीम के पूर्व कप्तान, वर्षों तक भारतीय रेलवे टीम के कप्तान, राष्ट्रीय कोच, खेलो इंडिया की टैलेंट आइडेंटिफिकेशन कमेटी व टैलेंट रिसर्च विंग के सदस्य तथा बास्केटबॉल खेल के सर्वोच्च लाइफटाइम अचीवमेंट ध्यानचंद अवार्ड से सम्मानित दिग्गज खिलाड़ी रामकुमार ने मिलकर किया था। इस राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा केवल प्रतिभा के आधार पर छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुना गया। जिसके सुखद परिणाम स्वरूप वर्षों बाद टीम ने राष्ट्रीय मंच पर यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की है।

### चैंपियन टीम में संस्कारधानी की प्रतिभाओं का जलवा

स्वर्ण पदक विजेता छत्तीसगढ़ की बालिका टीम में राजनांदगांव की खिलाड़ियों का विशेष दबदबा रहा। टीम की मुख्य रीढ़ मानी जाने वाली खिलाड़ी– कप्तान अंजलि कोडापे, अदिति कोडापे, अंजनी, रूमी कोनवर, सोफी सिका और नंदनी माधो प्रधान, ये सभी सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव की विंग्स हैं और वर्तमान में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) राजनांदगांव में अध्ययनरत हैं। स्कूल प्रबंधन ने इन प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निःशुल्क एडमिशन (शिक्षा) प्रदान किया है। इसके अलावा टीम में नताशा प्रजापति (साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव), दिव्या रंगारी (महासमुंद), पारूल वर्मा व नित्या पांडे (रायपुर) तथा कलश झा एवं सारा सिंह (भिलाई) शामिल रहीं। टीम को इस मुकाम तक पहुंचाने में अंतर्राष्ट्रीय कोच कालवा राजेश्वर राव (मुख्य कोच), सहायक कोच लुमेंद्र साहू (एसईसीआर) और टीम मैनेजर अनीता तिर्की (सरगुजा जिला) का सराहनीय और तकनीकी मार्गदर्शन रहा। टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर राजनांदगांव सहित पूरे प्रदेश के खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर है।

## कलेक्टर ने किसानों को समय पर खाद-बीज का वितरण कराने के दिए निर्देश



○ खरीफ सीजन के लिए जिले में 41,509 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध, पिछले वर्ष की तुलना में 34प्रतिशत अधिक

○ उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने उड़नदस्ता सक्रिय, 5 निजी केंद्रों के लाइसेंस निलंबित, 7 सील

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने खरीफ सीजन में खेती-किसानी को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर खाद-बीज का वितरण कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष खरीफ में धान सहित दलहन-तिलहन फसलों में परम्परागत खाद के साथ वैकल्पिक खाद एवं नैनो यूरिया व डीएपी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए समितियों एवं निजी क्षेत्रों में खरीफ पूर्व तैयारी के दृष्टि से वर्ष हेतु 68690 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। जिले में सहकारी एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर जिले में कुल 41509 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। जिसमें 17153 मीट्रिक टन यूरिया, 4088 मीट्रिक टन डीएपी, 10129 मीट्रिक टन एनपीके, 3382 मीट्रिक टन एमओपी एवं 6757 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद उपलब्ध है, जो गत वर्ष इसी अवधि की तुलना से 34 प्रतिशत अधिक है।

उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को लगातार खाद वितरण किया जा रहा है। जिले में 14972 किसानों को खाद प्रदाय किया जा चुका हैं। जिसमें 7193 मीट्रिक टन यूरिया, 1807 मीट्रिक टन डीएपी, 4669 मीट्रिक टन एनपीके, 1322 मीट्रिक टन एमओपी एवं 2214 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद किसानों को आगामी खरीफ फसलों हेतु वितरण किया जा चुका है तथा समितियों में 4568 मीट्रिक टन यूरिया, 1032 मीट्रिक टन डीएपी, 3082 मीट्रिक टन एनपीके, 1364 मीट्रिक टन एमओपी एवं 1350 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है।

किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज प्राप्त हो सके इस हेतु 13980 क्विंटल का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के विरूद्ध जिले में 6036 क्विंटल बीज, बीज निगम में उपलब्ध है। जिसमें से 3201 क्विंटल का समितियों में भंडारण कराकर 1085 क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है। निरंतर समितियों के मांग अनुरूप जिला विपणन अधिकारी एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित से समन्वय स्थापित कर भंडारण किया जा रहा है। साथ ही किसानों को शासन द्वारा प्रदाय दिशा-निर्देशानुसार 80 प्रतिशत यूरिया एवं 60 प्रतिशत डीएपी के आधार पर वितरण समितियों के माध्यम से कराया जा रहा है। उर्वरकों के कालाबाजारी, तस्करी, डायवर्सन, जमाखोरी आदि अनियमिताओं को रोकने के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय उडऩदस्ता टीम का गठन किया गया हैं। टीम द्वारा निरंतर उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर अब तक 28 विक्रय केन्द्रों को नोटिस, 7 विक्रय केन्द्रों में भंडारित उर्वरक मात्रा को जप्ती करते हुए सील बंद की कार्रवाई की गई है। साथ ही 5 निजी विक्रय केन्द्रों के लाईसेंस का निलंबन भी किया गया है। कृषि विभाग द्वारा जिले में निरंतर विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और आगे भी नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर केन्द्रों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।




### जिला पंचायत-साधारण सभा की बैठक 15 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत-साधारण सभा की बैठक 15 जून को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

**जल ही जीवन है...**

## इफको की दिल्ली में आयोजित वार्षिक आमसभा में शामिल हुए शशिकांत द्विवेदी




राजनांदगांव (दावा)। नई दिल्ली के भारत पंडुपम में इफको की 55वीं आम सभा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें इफको के आमसभा प्रतिनिधि और छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी शामिल हुए। श्री द्विवेदी ने आम सभा में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। श्री द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष इफको द्वारा रिकॉर्ड तोड़ 4585 करोड़ रूपए से अधिक का लाभ अर्जित किया गया है। इफको का वर्ष 2025-26 का प्रतिष्ठित सहकारिता पुरस्कार जम्मू कश्मीर की शकीला अंतर और गुजरात की भावना गोंडलिया को प्रदान किया गया। इन दोनों को यह सम्मान महिला कृषि और सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। ज्ञातव्य हो कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला कृषक वर्ष घोषित किए जाने को दृष्टिगत रखते हुए इस बार इफको अपने दोनों मुख्य पुरस्कार महिला सहकारिता नेत्रियों को दिया है।

श्री द्विवेदी ने सुझाव दिया कि इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए सभी विकास खंडों में किसान सभाएं आयोजित की जानी चाहिए। जिसमें महिला कृषकों की संख्या ज्यादा हो। साथ ही सहकार टैक्सी, सहकार बीमा की जानकारी दिया जाना उचित होगा। श्री द्विवेदी ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से वर्तमान समय में जल, वायु, मिट्टी प्रदूषित हो रहे हैं। प्रकृति एवं पर्यावरण को बचाने के लिए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी नैनो उर्वरकों के उपयोग के लिए व्यापक जोर दिया है। अतः रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करते हुए नैनो उर्वरकों का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करें। वरना जिस तरह से आज पानी पीने के लिए बिसलेरी की बोतल लेकर चलना पड़ता है। उसी तरह से यदि रासायनिक उर्वरकों के उपयोग पर विराम नहीं लगा तो भविष्य में सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की बोतल लेकर चलना पड़ेगा। अतः पर्यावरण और मिट्टी को बचाने तथा भूगर्भ जल को शुद्ध रखने के लिए नैनो उर्वरकों का उपयोग किया जाना बहुत जरूरी हो गया है। श्री द्विवेदी ने दिल्ली में आयोजित इफको की वार्षिक आम बैठक में अपनी रचना के माध्यम से भी नैनो उर्वरकों के उपयोग किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिससे सभी प्रतिनिधियों ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया।




### शुभांक

| | |
|---|---|
| बी. के. | |
| 2-4-8 | |
| 136-0 | 399-1 |
| राजधानी | |
| 3-7-9 | |
| 460-0 | 556-6 |

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)**

phone- 07744-299703 email : eerjn-phe-cg@nic.in

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, क्रमांक 21 दिनांक 18.05.2026 (जी क्रमांक 262700878) को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी- 262701070/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

# बच्चों को पढ़ाई के लिए मिले सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल माहौल : कलेक्टर

## नए शिक्षा सत्र को लेकर कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने ली निजी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक, दिए कड़े निर्देश

### विशेष फर्म से कॉपी-किताब या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य किया, तो होगी कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नए शिक्षा सत्र के मद्देनजर निजी शालाओं के प्राचार्यों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी स्कूलों में आधार सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। दो दिन में आधार सत्यापन का कार्य पूर्ण नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी निजी स्कूलों में नये शिक्षा सत्र में दाखिला कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित सभी स्कूलों में एनसीआरटी एवं सीजी बोर्ड वाले स्कूलों में एससीईआरटी की पुस्तकों से अध्यापन कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा। स्कूलों द्वारा पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश के लिए किसी विशेष फर्म से खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य नहीं करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार के तहत स्कूलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए कार्य करें। शिक्षा के अधिकार से उनका जीवन व भविष्य बेहतर बन रहा है, इसके लिए अपना योगदान दें। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे स्कूल जो अभिभावकों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र समय पर नहीं देते उन पर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में विद्यार्थियों को आईआईटी, नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक से अधिक चयनित कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। जिले से आईआईटी, नीट एवं एनआईटी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों के चयनित होने पर अन्य बच्चे भी पढ़ाई के लिए प्रेरित होते हैं और अभिभावकों का विश्वास बढ़ता है। उन्होंने स्कूलों में समन्वय समिति का गठन करने कहा, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं पढ़ाई के अनुकूल माहौल में अध्ययन करने तथा बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देने के लिए नव्या अभियान के तहत शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों को यूनिट की तरह कार्य करना चाहिए। बच्चों को वैक्सीन लगवाने एवं चिरायु टीम के माध्यम से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए कहा। उन्होंने वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों में फीस में वृद्धि शासन के मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार करें तथा फीस वृद्धि का अनुमोदन विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा कराने के लिए कहा। फीस निर्धारण के संबंध में शिकायत होने पर जांच समिति द्वारा जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल परिसर के आस-पास के 100 मीटर की दूरी पर तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने जिले में शिक्षा गुणवत्ता के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने निजी स्कूलों को आरटीई अंतर्गत कार्रवाई पूर्ण कर सीटों की जानकारी पोर्टल में अंकित करने कहा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार सहित निजी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे।

# पीएम उज्ज्वला योजना के तहत महापौर ने 22 परिवारों को गैस कनेक्शन बांटा



**उज्ज्वला योजना से हितग्राहियों के जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, एक सकारात्मक बदलाव आया है - मधुसूदन**

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीब परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में एलपीजी गैस कनेक्शन का वितरण किया है। यह योजना उन परिवारों के लिए है। जिनके घरों में पूर्व से कोई गैस कनेक्शन उपलब्ध नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्थानीय प्रतिनिधि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव ने चुनावी व्यस्तताओं के मध्य 22 हितग्राहियों का अपने मोतीपुर स्थित निज निवास पर गैस कनेक्शन बॉटा। स्वस्थ्य स्वच्छ जीवन, धुंआ मुक्त वातावरण और समय बचत के उद्देश्य के लिये गैस कनेक्शन का पूरा सेट निशुल्क उपलब्ध कराया।

इस अवसर पर उपस्थित होम प्राइड इंडेन गैस के संचालक नरेंद्र जैन एवं प्रबंधक श्रेयांस जैन ने महापौर, हितग्राहियों एवं अन्य उपस्थित वार्डवासियों को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को एक पीएम योजना वाला गैस चूल्हा, रेगुलेटर, पीएम सुरक्षा पाइप तथा दो एलपीजी गैस सिलेंडर पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी गरीब परिवारों को धुएं से मुक्त रसोई उपलब्ध कराना तथा महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा करना है।

गैस कनेक्शन का वितरण उपभोक्ताओं से प्राप्त वचन-पत्र के आधार पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि संबंधित परिवार के पास पूर्व में कोई अन्य गैस कनेक्शन न हो, अलग एवं हवादार रसोईघर उपलब्ध हो तथा योजना की सभी शर्तों का पालन किया गया हो। इन्हीं प्रावधानों के तहत नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव के कर-कमलों से उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को गैस कनेक्शन का वितरण किया गया है। महापौर मधुसुदन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उज्जवला योजना से क्षेत्र के हजारों परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। साथ ही हितग्राहियों के जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, एक सकारात्मक बदलाव आया है।

# महंगाई अब सिर्फ मुद्दा नहीं, गरीब और मध्यम वर्ग की रोज की पीड़ा बन चुकी है- सैय्यद अफजल अली

### महंगाई की मार से कराह रही जनता, केन्द्र सरकार बताए असली आर्थिक स्थिति



राजनांदगांव (दावा)। देश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हो रही बेतहाशा वृद्धि और रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों के दाम आसमान छूने से आम जनता की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसी मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सैय्यद अफज़ल अली ने केन्द्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब महंगाई केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं रह गई है। बल्कि गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के लिए रोज की पीड़ा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को देशवासियों को गुमराह करने के बजाय स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि देश की आर्थिक स्थिति आखिर क्या है और आने वाले समय में हालात किस हद तक बिगड़ सकते हैं। जनता को सच्चाई जानने का अधिकार है, ताकि लोग समय रहते परिस्थितियों के लिए खुद को तैयार कर सकें।

अफजल अली ने कहा कि पिछले 11 दिनों में चार बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। चौथी बार हुई बढ़ोतरी में डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर और पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है। चुनाव खत्म होने के बाद से अब तक पेट्रोल-डीजल के दामों में लगभग 7 रुपये तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब तक पांच राज्यों के चुनाव चल रहे थे तब तक कीमतें नियंत्रित रखी गई, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही लगातार आम जनता पर बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का असर केवल पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं रहता। बल्कि इसका सीधा असर हर घर की रसोई और आम आदमी की जिंदगी पर पड़ता है। परिवहन खर्च बढ़ने से बसों के किराए बढ़ेंगे, सब्जियां महंगी होंगी, दूध, दाल, राशन सहित रोजमर्रा की हर चीज की कीमतों में इजाफा होगा। अफजल अली ने कहा कि जिन लोगों के पास करोड़ों की संपत्ति है। उन्हें शायद इन बढ़ती कीमतों से फर्क न पड़े, लेकिन रोज कमाने और रोज खाने वाले गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक बन चुकी है। एक मजदूर की थाली लगातार छोटी होती जा रही है। किसान की कमाई घटती जा रही है और आम आदमी की उम्मीदें टूटती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई की मार ने जनता को लाचार बना दिया है। सरकार को आंकड़ों और दावों से बाहर निकलकर जमीनी हकीकत समझनी चाहिए। क्योंकि केवल आंकड़ों से किसी गरीब का पेट नहीं भर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार आगाह कर रहे हैं कि देश में महंगाई का बड़ा आर्थिक तूफान आने वाला है। इसके बावजूद केन्द्र सरकार गंभीर नजर नहीं आ रही है। यदि समय रहते राहत देने वाले ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में इसका असर और भयावह हो सकता है। अंत में उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग की कि जनता को वास्तविक आर्थिक स्थिति से अवगत कराया जाए और पेट्रोल-डीजल सहित जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर तत्काल नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## कांग्रेस को मन के लड्डू खाने की छूट, भाजपा बाटेंगी काजू कतली -हैरी जोसेफ



राजनांदगांव (दावा)। घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर सियासी माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। इसी बीच भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उसके जीत के दावों का जमकर मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मन के लड्डू खाने की पूरी छूट है, लेकिन असली जीत भाजपा की होगी और भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच काजू कतली बांटकर जीत का जश्न मनाएंगे। हैरी जोसेफ ने कहा कि कांग्रेस जनता को भाजपा के खिलाफ भड़काने की नाकाम कोशिश कर रही है, लेकिन प्रदेश और देश की समझदार जनता अब कांग्रेस की राजनीति को अच्छी तरह पहचान चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस महंगाई को मुद्दा बनाकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। जबकि विश्व स्तर पर दो बड़े युद्धों के कारण पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। इसके बावजूद भारत में महंगाई अन्य देशों की तुलना में काफी नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि जनता यह भी जानती है कि कांग्रेस ने अपने 50 वर्षों के शासनकाल में देश को महंगाई, भ्रष्टाचार और आतंकवाद की आग में झोंकने का काम किया। भाजपा और राजग सरकार को इन समस्याओं को खत्म करने के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि अगर देश में कांग्रेस जैसी पार्टी नहीं होती तो भारत बहुत पहले ही विकसित राष्ट्र बन चुका होता।

# कल राजनांदगांव में नाटकों का महासंग्राम, थियेटर ग्रुप की अनूठी पहल

- संस्कारधानी के इतिहास में पहली बार होने जा रही है अंतरराज्यीय नाट्य एवं एकल अभिनय प्रतियोगिता
- अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में जुटेंगे कई राज्यों के कलाकार, दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के कला जगत में एक नया इतिहास रचने जा रहा है। राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा आगामी 31 मई को शहर में पहली बार एक भव्य अंतरराज्यीय नाट्य एवं एकल अभिनय (सोलो एक्ट) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमापूर्ण आयोजन पेंड्री स्थित भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति मेडिकल कॉलेज के सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। नाटक और अभिनय के इस महाकुंभ में कला प्रेमियों और दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क रखा गया है। आयोजन समिति के अनुसार सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न प्रदेशों और जिलों से आए मंझे हुए कलाकारों और नाट्य दलों के बीच मंच पर सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा।

### सुबह सजेगा एकल अभिनय का मंच, दोपहर से नाटकों की गूंज

प्रतियोगिता की शुरुआत सुबह 10:30 बजे से एकल अभिनय (सोलो एक्ट) विधा के साथ होगी। जिसके लिए प्रत्येक कलाकार को अधिकतम 20 मिनट का समय दिया गया है। एकल अभिनय में मुख्य रूप से शाश्वत उत्सर्ग थियेटर (धमतरी) के 3 कलाकार और ओम मंच पर अस्तित्व (छिंदवाड़ा, म.प्र.) के 1 कलाकार रंगमंच पर अपनी अभिनय का जौहर दिखाएंगे। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से मुख्य नाट्य विधा की शुरुआत होगी। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे सभी 5 नाट्य दलों को मंचन के लिए 60 मिनट का समय दिया गया है।

जिसमें 10 मिनट स्टेज सेटिंग (व्यवस्थापन) के शामिल हैं। दोपहर 12 बजे इंद्रधनुष थियेटर ग्रुप (राजनांदगांव) द्वारा नाटक ग्लानि (लेखक व निर्देशक आनंद तिवारी)। दोपहर 1 बजे रंगभूमि थियेटर ग्रुप (रायपुर) द्वारा नाटक टीस (लेखक लोकेश रंजन, निर्देशक लोकेश साहू), दोपहर 03 बजे रंगरूट थियेटर (इंदौर) द्वारा नाटक गज फुट इंच (लेखक के.पी. सक्सेना, निर्देशक वरुण जोशी व फैजान खान), शाम 4 बजे शाश्वत उत्सर्ग थियेटर ग्रुप (धमतरी) द्वारा नाटक राख (लेखक आकाशगिरी गोस्वामी व गौतम साहू, निर्देशक राजकुमार सिन्हा व वैभव रणसिंग), शाम 5:30 बजे ओम मंच पर अस्तित्व (छिंदवाड़ा, म.प्र.) द्वारा नाटक पांचवा पराठा (पद्मश्री गिरिराज किशोर की कहानी पर आधारित, नाट्य रूपांतरण शिरीन आनंद दुबे, निर्देशक विजय आनंद दुबे) आदि है।

### कोलकाता, रायपुर और भिलाई के दिग्गज रंगकर्मी करेंगे फैसला

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता को निष्पक्ष और कलात्मक कसौटी पर कसने के लिए देश और प्रदेश के ख्यातिलब्ध रंगकर्मियों को निर्णायक मंडल में शामिल किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध रंगकर्मी व फिल्म डायरेक्टर संतोष जैन (रायपुर), विख्यात थियेटर कर्मी राजकुमार सोनी (कोरस संस्था, दुर्ग), शक्ति चटर्जी (भिलाई), इप्टा डोंगरगढ़ के अनुभवी रंगकर्मी मनोज गुप्ता एवं कोलकाता के वरिष्ठ थियेटर कलाकार रंजन घोष मुख्य रूप से जज की भूमिका में उपस्थित रहेंगे।

राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के समस्त सदस्यों व स्थानीय कलाकारों ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, साहित्यकारों, रंगकर्मियों और कलाप्रेमियों से अपील की है कि वे रविवार को भारी से भारी संख्या में ऑडिटोरियम पहुंचकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करें और इस ऐतिहासिक नाट्य महोत्सव का आनंद उठाएं।

# घुमका नगर पंचायत चुनाव में भाजपा मीडिया टीम निभा रही सशक्त भूमिका







राजनांदगांव (दावा)। घुमका नगर पंचायत चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी की मीडिया टीम लगातार सक्रिय रहकर पार्टी की गतिविधियों, जनसंपर्क अभियान, बैठकों एवं चुनावी कार्यक्रमों को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। भाजपा की मीडिया टीम के सदस्य योगेश दत्त मिश्रा, अमर लालवानी एवं रवि सिन्हा प्रतिदिन चुनावी गतिविधियों को समाचार, फोटो, वीडियो एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचा रहे हैं। इनके प्रयासों से पार्टी का पक्ष मजबूती के साथ आम नागरिकों तक पहुंच रहा है तथा चुनावी माहौल में भाजपा की सक्रियता और जनसमर्थन भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मीडिया टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मीडिया जनसंपर्क का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। जनता तक सही, तथ्यात्मक एवं सकारात्मक जानकारी पहुंचाने में मीडिया टीम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर पंचायत चुनाव के दौरान पार्टी की नीतियों, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े विषयों को लगातार जनता तक पहुंचाने का कार्य मीडिया टीम पूरी जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कर रही है।

प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में हो रहे जनसंपर्क, सभाओं एवं बैठकों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचने से कार्यकर्ताओं में भी उत्साह का वातावरण बना हुआ है। भाजपा ने मीडिया टीम के तीनों सदस्यों-योगेश दत्त मिश्रा, अमर लालवानी एवं रवि सिन्हा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए विश्वास जताया है कि वे आगे भी इसी ऊर्जा एवं प्रतिबद्धता के साथ संगठन के लिए कार्य करते रहेंगे।

## अंजना कुंजाम ने महतारी वंदन योजना के लिए तत्काल कराया ई-केवायसी सत्यापन

### महिलाएं आर्थिक दृष्टिकोण से हो रही मजबूत



राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार में जनमानस के विभिन्न तरह की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। छुरिया विकासखंड के ग्राम जोब में श्रीमती अंजना कुंजाम ने बताया कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवायसी सत्यापन के लिए पहुंची थी। उन्होंने बताया कि जब जानकारी मिली कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवायसी सत्यापन कराना अनिवार्य है, तो वे शिविर में आयी है। जहां महतारी वंदन योजना के तहत तत्काल ई-केवायसी सत्यापन किया गया। श्रीमती अंजना कुंजाम ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत लगाया गया जनसमस्या निवारण शिविर जनमानस के लिए फायदेमंद है। शिविर में माध्यम से लर्निंग लाईसेंस, राशन कार्ड, राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि मिल रही है और महिलाएं आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत प्राप्त राशि का उपयोग, बच्चों की पढ़ाई, घर का सामान, कपड़ा, दवाई अन्य कार्यों में करती है। छोटे-मोटे खर्च के लिए प्राप्त राशि उपयोग करती हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आभार व्यक्त किया। ई-केवायसी होने से आगे भी महतारी वंदन योजना का लाभ ले सकेंगी।

# वीर बर्बरीक ने दिया श्रीकृष्ण को शीश का दान एवं कहलाये खाटू श्याम

राजनांदगांव (दावा)। खाटू श्याम लखदातार सेवा समिति द्वारा पावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर पांच दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के चतुर्थ दिवस श्री श्याम चरित्र कथा की मीमांसा करते हुए व्यासपीठ पर विराजित अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में परीक्षित को पता था कि मेरी मृत्यु 7 दिन में होगी और वह श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर मृत्यु के भय से मुक्त हो जाता है। हमारी मृत्यु भी इसी सात दिन के किसी दिन में होने वाली है। किंतु हम भक्ति, भजन, ज्ञान, कथा में मन नहीं लगा पाते। प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में नंदनंदन का वास होता है। आवश्यकता है उसके बोध की। कथा व्यास पंडित अर्पित भाई ने कहा कि जीवन में कर्म की प्रधानता है जैसा कर्म होगा वैसा फल प्राप्त होता है। पृथ्वी गोल है कर्म घूम कर वापस आते हैं। पेड़ पौधे स्थिर लगते हैं, किंतु उनमें सूक्ष्म चेतना होती है तभी वह धीरे-धीरे बड़े हो जाते हैं। कर्म के साथ भाग्य भी होता है। हम कर्म रूपी बीज बोते हैं वह प्रस्फुटित होकर बढ़ते हैं। छोटे पाप-पुण्य का फल इसी जन्म में एवं बड़े कर्म के फल के लिए दूसरा जन्म लेना पड़ता है। प्रभु श्रीराम को भी पूर्व जन्म में किए पाप कर्म का फल भोगना पड़ा था। कर्म करके मनुष्य देव भी बन सकता है एवं असुर भी बन सकता है। कर्म निष्काम भाव से करें। फल की इच्छा ना करें ना ही आशा करें। अन्यथा दुख की प्राप्ति होती है। आशा करना ही परम दुख का कारण है एवं उसका अधोपतन हो जाता है। पंडित अर्पित भाई ने कहा कि कहावत है 'काशी का मरण भला' एवं 'वृंदावन की रज भली' लगती है। गीता में भगवान कृष्ण ने कहा कि तुम मेरी शरण में चले आओ मैं तुम्हें सभी पापों से मुक्त कर दूंगा। हम प्रभु का नाम लेकर



**माता-पिता के ऋण से उऋण होना असंभव है- पंडित अर्पित भाई शर्मा**

कथा श्रवण करके पुण्य के भागी बन सकते हैं। मुक्ति एवं मोक्ष की मीमांसा करते हुए कहा कि साधना रूपी कर्म से ही परमेश्वर की प्राप्ति होती है। इच्छाओं के रहते अगर प्राण छूट जाए तो वह मृत्यु है, किंतु प्राण के रहते इच्छा समाप्त हो जाए तो वह मोक्ष है। प्रत्येक भक्त के हृदय में यह भाव रहता है कि मृत्यु होगी तो प्रभु का साक्षात्कार होगा। वही सांसारिक व्यक्ति मृत्यु से भय खाता है। कथा प्रसंग को आगे बढ़ते हुए श्री शर्मा ने कहा कि माता-पिता के ऋण से उऋण होना असंभव है। प्रत्येक व्यक्ति का धर्म है कि वह अपने माता पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उनकी सेवा जीवन पर्यन्त करे। प्रभु श्रीराम ने अपने पिता की आज्ञा पालन करते हुए चौदह वर्ष वनवास में व्यतीत किए थे। आज वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। हमे इस ओर ध्यान देना चाहिए।

कथा व्यास पंडित अर्पित भाई ने कहा कि खाटू श्याम के एक अनन्य सेवक श्री श्याम बहादुर हुए हैं। जिनकी मोर छड़ी के चमत्कार देखने एवं सुनने को मिलते हैं। कथा प्रसंग को आगे बढ़ते हुए पंडित अर्पित भाई ने कहा कि पौराणिक काल में भगवान शिव ने अनेक असुरों को वरदान देकर बलशाली बना दिया था। देवगण इन दैत्यों की हरकतों से परेशान होकर ब्रह्मा जी के पास गए। वहां यक्षराज ने कहा कि मैं सारे दैत्यों को समाप्त कर दूंगा। इस बात से क्रोधित होकर ब्रह्मा जी ने उस यक्षराज का शीश धड़ से अलग कर दिया। तब भगवान विष्णु ने उसे यक्षराज के शीश को यह वरदान दिया कि द्वापर युग में तुम्हारा जन्म बर्बरीक के नाम पर होगा और तुम्हारे शीश की पूजा सदैव होती रहेगी।

## वीर बर्बरीक की तपस्या एवं शीश का दान

कथा व्यास पंडित अर्पित भाई ने कहा कि वीर बर्बरीक ने अपने माता-पिता एवं भगवान कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त कर महीसागर तीर्थ गुप्त क्षेत्र में जाकर और तपस्या प्रारंभ की। तीन वर्ष तक एक पैर में खड़े होकर एवं वायु का आहार प्राप्त कर कठिन तपस्या से देवी मां को प्रसन्न किया। तब देवी ने धनुष एवं तीन बाण प्रदान करते हुए कहा कि केवल एक बाण से ही तीनों लोकों में विजय प्राप्त हो जाएगी। वरदान प्राप्त कर वीर बर्बरीक अपनी माता मोरवी के पास आए। वहां पिता को ना देख कर माता से पिता के संदर्भ में पूछा। तब माता ने बताया कि महाभारत का भीषण युद्ध प्रारंभ हो रहा है एवं तुम्हारे पिता घटोतकच युद्ध भूमि में तुम्हारे दादा की ओर से युद्ध करने गए हुए हैं। तब वीर बर्बरीक ने भी युद्ध में जाने की इच्छा व्यक्त की। माता मोरबी ने उसे एक वचन देने को कहा और कहा कि जो पक्ष युद्ध में हार रहा होगा तू उसका साथ देना। धनुष एवं तीनों बाण को लेकर वीर बर्बरीक नीले घोड़े पर सवार होकर युद्ध भूमि की ओर निकल पड़े। कौरव एवं पांडवों ने उसके पास आकर पूछा कि तुम कौन हो। तब उसने अपना परिचय देते हुए बताया कि मैं भीम के पुत्र घटोत्कच का पुत्र हूं एवं मेरी माता के वचन के अनुसार मैं युद्ध में हारने वाले के पक्ष की ओर से युद्ध करूंगा एवं अपने तीन बाण के संदर्भ में बताया। कौरव वहां से चले गए। भगवान कृष्ण ने उनकी परीक्षा लेने के लिए पीपल के सारे पत्तों को एक बाण से भेदन के लिए कहा। वीर बर्बरीक ने देवी मां का ध्यान करते हुए एक बाण धनुष पर चढ़ाया और तीर छोड़ दिया वह तीर उस वृक्ष के सारे पत्तों को भेदन करते हुए श्रीकृष्ण के चरणों के पास आकर रुक गया। तब वीर बर्बरीक ने कहा कि देवी मां के वरदान अनुसार यह तीर जब तक जिस लक्ष्य को लेकर छोड़ गया है। वह पूरा नहीं करेगा तब तक वापस नहीं होगा। तब भगवान कृष्ण ने अपना पैर हटाया तो उसके नीचे से एक पीपल पत्ता भेदन किया हुआ दिखा।

## अनमोल दावा

> सफलता हमारा परिचय दुनिया से करवाती है, और असफलता हमें दुनिया का परिचय करवाती है।

# जिमखाना पर इतना क्या शोक मनाना!

जिमखाना क्लब की 27.3 एकड़ जमीन की लीज केंद्र सरकार ने समाप्त कर दी है और क्लब को नोटिस भेज दिया गया है कि पांच जून तक इसे खाली कर दिया जाए। आधिकारिक रूप से कहा गया है कि सुरक्षा की दृष्टि से कुछ बुनियादी ढांचे का निर्माण होना है, जिसके लिए सरकार को यह जमीन चाहिए। दूसरी ओर क्लब के सदस्य इस नोटिस के खिलाफ अदालत पहुंचे हैं। हालांकि किसी को असल कारण पता नहीं है कि जिमखाना क्लब क्यों हटाया जा रहा है। इसलिए सब अपनी तरफ से कोई न कोई कारण बता रहे हैं। पहले उनकी बात करते हैं, जो फैसले के खिलाफ हैं और इसे हटाए जाने के कारण बता रहे हैं। जैसे किसी ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा अपने को असुरक्षित महसूस करते हैं इसलिए वे जिमखाना क्लब को प्रधानमंत्री के आवासीय कॉम्पलेक्स के अंदर लेना चाहते हैं। किसी ने कहा कि जिमखाना क्लब में होने वाली पार्टियों से लोक कल्याण मार्ग में रहने वालों को परेशानी होती है। इसलिए खाली कराया जा रहा है। इसके आगे किसी ने कहा कि मौजूदा निजाम के कुछ बड़े लोगों को सदस्यता नहीं मिली, जबकि राहुल गांधी इसके सदस्य हैं इस खुन्नस में खाली कराया जा रहा है। किसी ने कहा कि पुरानी तमाम चीजों से मौजूदा सत्ता को परेशानी है इसलिए खाली कराया जा रहा है।

इसके बरक्स एक समूह ऐसे लोगों का है, जो इसे हटाए जाने का स्वागत कर रहे हैं। उनमें से किसी ने कहा कि यह ब्रिटिश साम्राज्य की निशानी है इसलिए इसको हटाया जाना चाहिए। किसी ने कहा कि अंग्रेजों ने भारतीयों को अपमानित करने के लिए ऐसे क्लब बनाए थे और ये क्लब गुलामी का प्रतीक हैं इसलिए इनको हटा दिया जाना चाहिए। फिर किसी ने इसमें जोड़ा कि वामपंथी लोगों के बौद्धिक विलास का अड्डा है इसलिए हटना चाहिए। कुछ लोगों ने कहा कि दारूबाजी का अड्डा है इसलिए हटना चाहिए। दिल्ली सरकार के एक मंत्री ने कहा कि किसानों से जमीन मांगी जाती है तो वे दे देते हैं इसलिए एलिट जमात को भी इसे खाली कर देना चाहिए।

इस तरह राजधानी दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से इस बात पर चकल्लस है कि जिमखाना क्लब रहना चाहिए या हटना चाहिए। सरकार के लिए यह चकल्लस बहुत सुविधाजनक है क्योंकि इससे अटेंशन डिवाइड होता है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी, महंगाई, नीट पेपरलीक, 12वीं के छात्रों की परेशानियों आदि के बीच जब जिमखाना जैसे मुद्दे आ जाते हैं तो सरकार के लिए ठीक ही रहता है। हो सकता है कि इसे हटाने का फैसला पहले से किया गया हो। लेकिन नोटिस भेजने की टाइमिंग तो निश्चित रूप से अटेंशन डिवाइड करने की योजना का हिस्सा है।


यह बहुत दिलचस्प है कि जिमखाना क्लब हटाने के पक्ष में जो तर्क दिए जा रहे हें वो बेहद लचर और बचकाने हैं। जैसे सबसे मजबूत तर्क यह है दिल्ली के एलिट लोगों का, विशेषाधिकार प्राप्त समूह का क्लब है, जहां आम आदमी की एंट्री नहीं है। और इसलिए इसका कोई वास्तविक लाभ नहीं है। इस तर्क के आधार पर तो दिल्ली के सारे क्लब बंद हो जाएंगे क्योंकि सब अभिजात्य और विशेषाधिकार प्राप्त समूहों के लिए ही हैं। कस्तूरबा गांधी मार्ग पर एक और विनय मार्ग पर दो बड़े क्लब हैं। सीएसओई क्लब, जो दिल्ली और भारत सरकार के अधिकारियों के लिए हैं। वहां भी आम आदमी की एंट्री नहीं होती है। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर और इंडिया हैबिटेट सेंटर में भी आम आदमी की एंट्री नहीं होती है। रायसीना रोड पर चेम्सफोर्ड क्लब और जनपथ पर मैसोनिक क्लब में भी आम आदमी नहीं जा सकता है। दिल्ली गोल्फ क्लब भी एक्सक्लूसिव है, एयरपोर्ट ऑथोरिटी का क्लब और रफी मार्ग पर स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब भी विशिष्ठ लोगों के लिए ही है। तो क्या इस आधार पर कि इन क्लबों में कुछ सार्थक नहीं होता है, ये मनोरंजन की जगह हैं और आम आदमी की एंट्री नहीं होती है इसलिए इन सबको हटा दिया जाए? पूर्व सांसदों के लिए संसद से लेकर कांस्टीट्यूशन क्लब तक बैठने की जगह है, पूर्व सैन्य अधिकारियों के लिए सशस्त्र बलों के मेस हैं और अर्धसैनिक बलों के लिए भी है लेकिन पूर्व अधिकारियों के लिए कोई एलीट क्लब नही हो सकता है!

इसी तरह का एक तर्क ब्रिटिश काल में बने होने का है। इसका क्या अर्थ है? ब्रिटिश काल में बना था तो क्या अंग्रेज इसके लिए अपनी जमीन, अपना ईट, बालू, सीमेंट लेकर आए थे? क्या उनके मजदूर इसे बनाने आए थे? भारत की जमीन पर, भारत के पैसे से, भारत के मजदूरों के खून, पसीने से ही इसका निर्माण हुआ। अगर इस तर्क को मानें कि अंग्रेजी राज की सारी निशानी मिटा देनी है तो फिर लुटियन की दिल्ली के सारे बंगलों को भी तोड़ना पड़ेगा। इंडिया गेट से लेकर गेटवे ऑफ इंडिया तक को ध्वस्त करना होगा। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से लेकर महापंजीयक तक की संस्थाओं को समाप्त करना होगा क्योंकि वह सब भी अंग्रेजों ने बनाया था।

एक बेहूदा तर्क यह है कि जिमखाना क्लब दारू का अड्डा है और प्रधानमंत्री के आवास के पास ऐसा अड्डा नहीं चलने दिया जा सकता है। यह तर्क सरकार के एक सलाहकार महोदय की ओर से सबसे जोर शोर से दिया जा रहा है। अगर दारू का अड्डा के नाम पर इसे हटाने का फैसला होगा तो प्रेस क्लब और चेम्सफोर्ड क्लब का क्या होगा, जो संसद भवन के ठीक सामने हैं? प्रधानमंत्री आवास से ज्यादा शुचिता तो संसद भवन की होनी चाहिए! इस तर्क से तो सशस्त्र बलों से लेकर अर्धसैनिक बलों के लिए बने मेस तक को दारू का अड्डा घोषित किया जा सकता है। क्या सलाहकार महोदय को पता है कि और लुटियन की दिल्ली के अनेक बंगले होंगे, जहां दारू पी जाती होगी या दारू पार्टी होती होगी। कई बंगले प्रधानमंत्री आवास के आसपास ही होंगे। तो क्या इस आधार पर सबको तोड़ दिया जाए? वैसे यह सवाल भी है कि अगर अधिकारियों, पूर्व अधिकारियों या एलीट के लिए 27 एकड़ का क्लब नहीं हो सकता है तो केंद्र सरकार के मंत्री तीन तीन एकड़ के बंगलों में क्यों रहेंगे?

# पढ़ाई और परीक्षा के बुरे दिन

**अजीत द्विवेदी**



इन दिनों पढ़ाई और परीक्षा के बुरे दिन चल रहे हैं। प्राथमिक विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक शिक्षा की गुणवत्ता गिर गई है और बोर्ड परीक्षा से लेकर दाखिले व नौकरी के लिए होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं पर संकट है। अगर पढ़ाई की बात करें तो कोविड महामारी के बाद हुए कई सर्वेक्षणों से पता चला कि बच्चों के सीखने की प्रक्रिया यानी लर्निंग प्रोसेस में गड़बड़ी हुई है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की स्थिति यह है कि छठी या सातवीं के बच्चे हिंदी की 10 पंक्तियों का शुद्ध पाठ नहीं कर पाते हैं। अपने दर्जे से कई क्लास नीचे के गणित के सवाल हल नहीं कर पाते हैं।

दूसरी ओर उच्च शिक्षा का हाल यह है कि पांच साल तक एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद डॉक्टर लोग एमडी की डिग्री के लिए नीट पीजी की परीक्षा देते हैं तो उनको माइनस 40 तक मार्क्स आ रहे हैं। दो सौ सवाल और आठ सौ अंकों की परीक्षा में इस साल काउंसिलिंग के लिए क्वालिफाइंग परसेंटाइल शून्य कर दिया गया था। चार अंक लाने वालों का तो मेडिकल कॉलेज में दाखिला हुआ, एमडी की पढ़ाई के लिए। समझ सकते हैं कि प्राथमिक कक्षाओं से लेकर मेडिकल की पढ़ाई तक की क्या स्थिति है।

पढ़ाई के साथ साथ परीक्षा के भी बुरे दिन चल रहे हैं। इस साल हुई तीन परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार किस तरह से परीक्षा को तदर्थ ढंग से ले रही है और उसका कितना बड़ा नुकसान किशोर व युवा उम्र के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। सबसे ताजा मामला सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा का है। इस बार सीबीएसई ने कॉपी जांचने के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम पद्धति अपनाई। इसके तहत 17 लाख से ज्यादा छात्रों की कॉपियों के लाखों पन्ने स्कैन किए गए और उन्हें सिस्टम पर अपलोड किया गया और जांचने वालों ने स्क्रीन पर उन स्कैन की गई कॉपियों को देख कर मार्किंग की।

इतना ही नहीं इस बार ऑन स्क्रीन मार्किंग के साथ साथ मार्किंग के तरीके में भी बदलाव किया गया। पता नहीं किस भावना के तहत यह तय किया गया कि इस बार कॉपी जांचने में सख्ती होगी और मामूली गड़बड़ी पर भी नंबर काटे जाएंगे। जैसे किसी छात्र ने आठ की बजाय छह स्टेप में गणित का सवाल हल कर दिया या सभी स्टेप सही हैं परंतु जवाब में गड़बड़ी है या जवाब सही है और स्टेप्स ठीक नहीं हैं तो उनको बहुत कम अंक मिलें हैं। पहले शिक्षक इसमें थोड़ा लचीला रुख रखते थे। इस बार ऐसा नहीं है। इसको अकादमिक फैसला मान कर स्वीकार किया जा सकता है। माना जा सकता है कि अब सीबीएसई बहुत शुद्धतावादी और कट्टर रुख रखेगा।

परंतु इसके अलावा जो गड़बड़ियां हुई हैं वह व्यवस्थागत हैं। मिसाल के तौर पर लाखों पन्नों को स्कैन करके उन्हें अपलोड करते समय बहुत तरह की गड़बड़ी हुई। कई छात्रों की कॉपी का पहला पन्ना तो उनका था परंतु बाकी पन्ने दूसरे छात्र की कॉपी के थे। कई छात्रों की कॉपी के एक ही पन्ने कई बार अपलोड हो गए थे और कई पन्ने छूट गए थे। कई छात्रों की कॉपी के पन्ने ठीक तरह से स्कैन नहीं हुए और धुंधली कॉपी ही अपलोड कर दी गई। इन सारी गड़बड़ियों के बीच शिक्षकों ने पूरी सख्ती से कॉपी जांची। नतीजे आए तो बच्चों और अभिभावकों के हाथ पांव फूल गए। हजारों बच्चे ऐसे थे, जिन्होंने इंजीनियरिंग में दाखिले के लिए जेईई मेन्स की परीक्षा में 85 या 90 या उससे ज्यादा पर्सेंटाइल हासिल किया है और जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई कर गए लेकिन 12वीं में 75 फीसदी अंक नहीं आए, जिसकी वजह से वे आईआईटी में दाखिला के लिए जेईई एडवांस की परीक्षा नहीं दे सकेंगे। उनकी दूसरी मुश्किल यह है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अच्छे कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए सीयूईटी की परीक्षा होती है। उसमें पर्सेंटाइल टाई होने पर 12वीं के अंक के आधार पर दाखिले में प्राथमिकता मिलती है।

तभी 12वीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्रों में से 25 फीसदी यानी चार लाख से ज्यादा छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। परंतु वह काम उनके लिए दुःस्वप्न की तरह था। कई दिन तक पुनर्मूल्यांकन के आवेदन के लिए बनी वेबसाइट क्रैश होती रही। पहले तो छात्रों को उसका लिंक नहीं मिला। उन्हें सीबीएसई के ट्विट से लिंक खोलना पड़ रहा था। उसके बाद रजिस्ट्रेशन कराने और फीस जमा कराने के बीच साइट क्रैश हो रही थी। ऑनलाइन आवेदन के समय कई छात्रों से बहुत ज्यादा फीस मांगी गई, जिसे लेकर बोर्ड ने कहा कि उनकी साइट हैक कर ली गई थी। अब बच्चों के पैसे लौटाने की प्रक्रिया चल रही है।

आग का दरिया पार करने जैसा काम करके बच्चों ने आवेदन कर दिया और जब कॉपी हाथ में आई तो पता चला कि उनके नाम के साथ दूसरे की कॉपी अपलोड कर दी गई है या खराब ढंग से स्कैन की गई कॉपी अपलोड की गई है या सही जवाब को भी गलत बता कर नंबर काट दिए गए हैं। सोचें, यह सारी तकलीफें जिन बच्चों से झेली है वे 17 या 18 साल के किशोर हैं। उनके कोमल मन पर हुए असर का सिर्फ अनुमान किया जा सकता है। हैरानी की बात है कि ओएसएम की पूरी प्रक्रिया बिना पायलट प्रोजेक्ट के शुरू की गई। शिक्षकों को कहा गया कि वे काम करते हुए सीखें यानी इस बैच के बच्चों को प्रयोग के लिए गिनी पिग बना दिया गया। इससे पहले मेडिकल में दाखिले के लिए नीट की परीक्षा हुई। तीन मई को परीक्षा हुई और अगले दिन पता चल गया कि पेपर लीक हो गया था। कई दिन की जांच के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी। इसके बावजूद जब एनटीए के चेयरमैन और डीजी की पेशी संसदीय समिति के सामने हुई तो उन्होंने कहा कि उनके सिस्टम से पेपर लीक नहीं हुआ। सोचें, प्रश्न पत्र तैयार करने वाले लोग पेपर लीक में शामिल थे और सीबीआई ने उनको गिरफ्तार किया है। पर एनटीए के अधिकारी कह रहे हैं कि उनके सिस्टम से पेपर लीक नहीं हुआ। क्या प्रश्न पत्र तैयार करने वाले लोग एनटीए के सिस्टम के नहीं थे? असल में नीट यूजी परीक्षा की पूरी व्यवस्था ही तदर्थ है और ठेके पर चल रही है। अब 21 जून को फिर लाखों छात्र नए सिरे से परीक्षा देंगे।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-436 : श्री राम और लक्ष्मण जी में चित्रकूट क्षेत्र छोड़ने के बारे में हुई चर्चा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



भरत जी पर्णकुटी क्षेत्र में अधिक सैनिकों की नियुक्ति संबंधी बात सुनकर सोच में पड़? गए। तभी उन्हें शत्रुघ्न जी आते दिखाई दिए। शत्रुघ्न जी ने भ्राता भरत के चरण स्पर्श किए। भरत जी ने आशीर्वाद देते हुए उनसे पूछा,

'यहाँ इतनी सुरक्षा किसलिए शत्रुघ्न? मेरा धनुष और मेरी तलवार तो यहीं है।'

'आप अयोध्या के प्रतिनिधि शासक हैं ज्येष्ठ भ्राता। भैया राम की अनुपस्थिति में आप ही अयोध्या के प्रमुख व्यक्ति हैं। आपके आसपास इतनी सुरक्षा तो होनी ही चाहिए।' शत्रुघ्न जी ने उत्तर दिया।

'तो तुम्हें मेरी वीरता पर संदेह है शत्रुघ्न ? क्या तुम्हें ऐसा प्रतीत होता है कि मैं अपनी रक्षा नहीं कर पाऊँगा।' भरत जी ने कहा।

शत्रुघ्न जी ने कहा, ' मुझे क्षमा करें भैया, आपकी वीरता असंदिग्ध है, किंतु एक राजा के रूप में आपको अनेक निर्देश जारी करने होंगे। कभी किसी सैन्य टुकड़ी के उपयोग की अकस्मात स्थिति भी निर्मित हो सकती है। ऐसे में विश्वस्त अनुचरों एवं सैनिकों का एक समूह तो आपके आसपास नियुक्त रहना ही चाहिए।'

भरत जी मुस्कुरा उठे। उन्होंने एक दीर्घ निःश्वास लेते हुए कहा, 'इधर अयोध्या में तो मैं पूरी सुख-सुविधाओं में हूँ और उधर राम भैया वन में दर-दर भटकते फिर रहे हैं। अगर संभव होता तो मैं कुछ विश्वस्त अनुचरों और प्रहरियों को भैया-भाभी की सेवा में भेज देता, किंतु जानता हूँ, ऐसा संभव नहीं है।

उधर चित्रकूट में निवास करते हुए श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी को महीनों बीत गए हैं।

आज संध्या वंदन के बाद श्री राम और लक्ष्मण जी में चित्रकूट निवास के संबंध में आवश्यक चर्चा हुई। लक्ष्मण जी ने श्रीराम से कहा, 'आपने ऋषि भरद्वाज के परामर्श पर चित्रकूट में अपना निवास स्थान बनाया था, किंतु पर्णकुटी के आसपास अब जन - कोलाहल बढ़ने लगा है भैया। सभी को यह ज्ञात हो गया है कि अयोध्या के ज्येष्ठ राजकुमार इस वन क्षेत्र में निवास करने लगे हैं। अभी अनेक अरण्यवासी आपके दर्शनों के लिए पर्णकुटी के द्वार तक पहुँच गए थे, किंतु मैंने आपके संध्या वंदन का समय बता कर उन्हें मना कर दिया।'

'तुम्हें उन्हें नहीं रोकना था लक्ष्मण! मैं अरण्यवासियों के लिए सदैव उपलब्ध हूँ। किंतु मुझे प्रतीत हो रहा है कि अब हमें यह स्थान छोड़? देना चाहिए। एक तपस्वी को निर्जन- एकांत में रहने का प्रयत्न करना चाहिए।' श्री राम ने अपने हृदय के भाव व्यक्त करते हुए लक्ष्मण जी को समझाया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -053

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला, विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 52 का हल**



## सू- दोकू क्र.53

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.52 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

# नेता सत्ता के करीबी होता है

बानी बोले- ''सुनिए गजाधर !
अब पश्चिम बंगाल की खबर -
तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका।
ममता की करीबी लोकसभा सांसद
काकोली घोष ने मालूम क्या किया ?
काकोली ने पार्टी के
सभी संगठनात्मक पद से इस्तीफा दे दिया
और कल्याणी में हुई
मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी की
प्रशासनिक समीक्षा बैठक में शामिल हुई।
टीएमसी ने बैठक में न जाने
के लिए मना किया,
पर ममता की करीबी रही,
काकोली घोष ने ध्यान नहीं दिया।
तो गजाधर! आज हम आपसे सुनेंगे
कि 'काकोली-कथा' पर आप क्या कहेंगे
गजाधर मुस्कराए, बोले-'बानी ! आपने
दो बार यह बात कही -
कि काकोली घोष ममता की करीबी रही।
जबकि सच्चाई यह है कि
काकोली ममता की करीबी नहीं रही।
ममता तो अब भी ममता हैं,
पर हॉ। अब सत्ता उनके पास नहीं है।
तो काकोली सत्ता की करीबी रही है।
इसीलिए अब वह मुख्यमंत्री
शुभेन्दु अधिकारी की
बैठक में जा रही है।
भाजपा की सत्ता अब
उन्हें भा रही है।
शुक्रवार 29 मई 2026



गिरीश बख्शी

## कविता

# चारों डहर घोटाला

आज हमर देश मा चारों डहर घोटाला हे,
नई दिखे सरीफ कोन्हो, सब करत पीला-काला हे।
काकरो लुटागे माला मुंदी, त कहचो टूटत ताला हे।
न पुलिस के डर कहु ल, चाकू-बिछ्वा भाला हे।
आज हमर देश मा....
हमर देश के कानून संगी, कतका ढीला-ढाला हे।
चोर-बदमाश खुल्ला किंजरत हे, कोई देखने नई वाला हे
जघा-जघा चलते हे लुटमारी, खेल गजब निराला।
अपने पईसा म धमकी देथे, लाईन से आना साला हे।
कतका बिखेद ल बतावं मैं, बरनौ काला-काला हे।
आज हमर देश मा ....
कोन्हों पीठ ल मारत हे त, कहु मारत हे पेट ल।
कोनो खावत हे जंगल- जमीन, कोनो खावत हे रेत ला ।
कानून अंघरा बन बईठे, जईसे जपत माला हे,
आज हमर देश मा......
न बेरा म बिजली मिलती हे, अउ न पानी अउ खाद।
गरीब किसान होवत हे, अइसने मे बर्बाद।
महंगाई के मारे न गाड़ी म मजा,न कोनो जिनिस म सुवाद।
मोदी जी के गरजना म हे, सिरिफ बड़ा- बड़ा हे बात।
सिधवा ल डरवाय परत हे, गुंडा मन के बोलबाला हे।
आज हमर देश में.....
एक गाड़ी म तीन सवारी, येहु एक बीमारी हे।
अटियावत जब अभर गय, जईसे वो अधिकारी हे।
सिंगनल सूझे न सिटी, भीड़ जब्बर भारी हे।
नेता मंत्री के रौब बताथे,
जईसे वोमन के साला हे..
आज हमर देश म चारों
डहर घोटाला हे।।



आनंदराम सार्वा ''अनंत''
कु.बो. भाठागांव

## राशिफल



**मेष**

मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी तारीफ करेंगे।



**वृष राशि**

वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे।



**मिथुन**

मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।



**कर्क**

कर्क राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज पैसों के लेन देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।



**सिंह**

सिंह राशि वालों आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्ते के बारे में घरवालों को बताएंगे, घरवाले इस पर विचार भी करेंगे। इस राशि के कैमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनाएंगे।



**कन्या**

कन्या राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आपका पुराना दोस्त आपको फोन कर के सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। आपको अपना कारोबार बढ़ाने के लिए आज कई मौके मिलेंगे।



**तुला**

तुला राशि वालों आज का दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। आपके काम की शिकायत हो सकती है।



**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि वालों आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा, जो भविष्य में अच्छा धन लाभ कराएगा।



**धनु**

धनु राशि वालों आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, नया केस हाथ लगेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी। जीवनसाथी के साथ अच्छी मूवी देखने का मन बनायेंगे।



**मकर**

मकर राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा।



**कुंभ**

कुंभ राशि वालों आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे। बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेंगी। अगर आप नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं, तो आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा।



**मीन**

मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

# जनपद में 2 प्रतिशत कन्टेंजेन्सी काटने से नाराज सरपंच संघ ने खोला मोर्चा

**0 डोंगरगांव जनपद सीईओ को सौंपा ज्ञापन, बाबू पर गुमराह करने का आरोप, हटाने की मांग**

**0 मांगें पूरी नहीं होने पर सभी 76 पंचायतों के सरपंचों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**



डोंगरगांव (दावा)। इन दिनों डोंगरगांव जनपद पंचायत जनप्रतिनिधियों के आक्रोश का शिकार हो रहा है। प्रशासनिक क्षमता और मनमानी के चलते जनप्रतिनिधि खासे नाराज हैं। पहले चुने हुए जनप्रतिनिधियों में जनपद सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों की कार्य क्षमता पर सवाल खड़े किए, उसके बाद सरपंच संघ ने भी आक्रोश जताते हुए विभिन्न मांगों को लेकर जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में सरपंच संघ के अध्यक्ष रोहित कुमार साहू ने बताया कि समस्त सरपंचों ने मांग की है कि जनपद पंचायत डोंगरगांव के निर्माण कार्य में कन्टेंजेन्सी की राशि 2 प्रतिशत काट दिया जाता है, चूंकि यह गलत है। दो प्रतिशत काटने से सरपंचों को कार्य पूर्ण करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसे जनपद पंचायत द्वारा काटा ना जाये, सरपंचों के द्वारा अपने गांवों में किसी भी निर्माण कार्य कराया जाता है तो कार्य पूर्ण करने के बाद 15 दिवस के भीतर मूल्यांकन व सत्यापन किया जाए। चूंकि अधिकारियों के द्वारा समय पर मूल्यांकन व सत्यापन नहीं किया जाता है। जिससे राशि भुगतान करने में विलंब होता है, जिससे सरपंच बहुत परेशान हो जाते है। समय पर मूल्यांकन, सत्यापन व राशि भुगतान समय पर किया जाये तथा जनपद पंचायत डोंगरगांव का कर्मचारी विनोद कुमार बोरकर के द्वारा फाइल गुम हो गया है, करके सरपंचों को गुमराह किया जाता है और आज कल आना करके सरपंचों परेशान करते है। साथ ही यह भी मांग रखी कि श्री बोरकर को जनपद पंचायत डोंगरगांव से अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए। इस संबंध में सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि सीईओ ने हमारी बातों को सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। यदि समय पर सही कार्यवाही नहीं हुई तो सभी 76 पंचायत के सरपंच उग्र आंदोलन करेंगे।

> सरपंच संघ के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है। दो परसेंट कन्टेंजेन्सी नहीं हटाया जा सकता। वह शासन का नियम है। समय पर मूल्यांकन, सत्यापन हो, उसके लिए प्रयास किया जाएगा। रही बात बोरकर की तो उनका प्रभार बदला जाएगा।
>
> **– रोशनी भगत, सीईओ जपं डोंगरगांव**

## पंडित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेसजनों द्वारा दी गई विनम्र श्रद्धांजलि

डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के निर्देश पर डोंगरगढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, आधुनिक शिक्षा, विज्ञान के क्षेत्र में मजबूत नींव रखने वाले स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर शासकीय नेहरू महाविद्यालय कॉलेज में जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती संध्या देशपांडे, श्रीमती नलिनी मेश्राम, हरीश भंडारी, रिम्मी भाटिया, विष्णु लोधी, मतीन खान, संजय यादव, जितेंद्र भाटिया, ओम प्रकाश महानदी, राम जी तराने, मयूर हथेल, महविंद्र मेश्राम, श्रीमती किरण मेश्राम, श्रीमती निशा निर्मलकर, दुलीचंद बडोले, प्रशांत कांडे, सुरेंद्र अम्बादे, अखिल भाई, अमरीश टांडिया सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# कांग्रेसी जनपद सदस्यों ने एसडीएम और सीईओ के खिलाफ खोला मोर्चा



**बैठक सहित खरीदी और निर्माण कार्यों की जानकारी नहीं देने का आरोप**

डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगांव के कांग्रेसी जनपद सदस्यों ने बैठकों की सूचना सहित अन्य मामलों में जानकारी प्राप्त नहीं होने को लेकर नाराज व आक्रोशित हुए और जनपद पंचायत प्रांगण में धरने पर बैठ गए। करीब साढ़े 4 घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन में कई गंभीर आरोप लगाए गए। वहीं जनपद सीईओ धरने में बैठने के डेढ़ घटने के बाद उनसे मिलने पहुंची। जहां प्रदर्शनकारियों ने एडीएम को बुलवाने की मांग करते रहे।

बता दे कि शुक्रवार को जनपद पंचायत में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें कांग्रेसी जनपद सदस्यों ने जनपद पंचायत के क्रियाकलापों पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें बैठक की जानकारी क्यों नहीं दी जाती। यह दूसरी बार है जब बैठक की सूचना कई जनपद सदस्यों को नहीं मिली।

वहीं बहुत से जनपद सदस्यों को आज बैठक दिनांक को ही सूचना प्राप्त हुई है। इसके साथ ही जनपद पंचायत के सीईओ के चेंबर, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चेंबर में हुए निर्माण कार्य तथा अध्यक्ष के चेंबर में लगे एसी के खर्च के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई और ना ही कोई प्रस्ताव कराया गया। उपस्थिति पंजी में भी हमारे हस्ताक्षर नहीं है, तो यह खरीदी और निर्माण कार्य कैसे किया गया। वहीं अध्यक्ष के चेंबर में लगे एयर कंडीशनर को लेकर भी कांग्रेसी जनपद सदस्यों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। जनपद सदस्य ने बताया कि बैठक में कोई भी विभाग प्रमुख नहीं आता है। जिससे विकास कार्य की जानकारी नहीं मिल पाती।

सामान्य सभा में राजस्व विभाग से विभाग प्रमुख के आने को लेकर नायब तहसीलदार श्री यादव से जनपद सदस्यों ने चर्चा की तो उन्होंने बताया कि सामान्य सभा में राजस्व के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है। जिस पर धरने पर बैठे जनपद सदस्य व कांग्रेसी नेताओं ने आपत्ति दर्ज करते हुए विरोध किया। इसके अलावा डोंगरगांव एसडीएम के प्रति जमकर अपनी भड़ास निकाली और प्रशासनिक अक्षमता जैसी बातें कही गई। विरोध कर रहे कांग्रेसियों ने बताया कि पिछले सुशासन तिहार के समय भी उनके द्वारा दिए गए आवेदन पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। वहीं ग्रामीण अंचल में 50-50 रुपये में बिल्ला लगाया जा रहा था। यह क्यों और किसलिए लगाया जा रहा था। इस संबंध में भी कार्रवाई के लिए एसडीएम डोंगरगांव को आवेदन दिया गया था। जिस पर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। करीब साढ़े 4 घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन लंबे समय के इंतजार के बाद एसडीएम श्रीकांत कोराम प्रदर्शन कार्यों से मिले और उन्हें आश्वासन दिया कि आपके आवेदन पर जैसा कार्रवाई चाहते हैं, वैसा किया जाएगा। इसके बाद मामला शांत हुआ। इस प्रदर्शन के दौरान जनपद पंचायत सीईओ रोशनी भगत जनपद सदस्यों की मांग पर पहल दिखाई थी, लेकिन उनके आरोपों पर गंभीर नहीं रही।

बैठक से संबंधित सूचना नहीं मिलने पर जनपद सीईओ ने जनपद सदस्यों को आश्वासन दिया कि जिन्हें सूचना देने का दायित्व सौंपा गया था। उनके द्वारा लापरवाही बरती गई और उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बड़ी बात यह है कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों को सामान्य सभा के बैठक की जानकारी हुई है या नहीं इसका फीडबैक जनपद सीईओ को जिम्मेदार अधिकारी होने के नाते लेना था, लेकिन वे ऐसा ना करते हुए बाबू पर कार्रवाई की बात करने लगी। वही इस मामले में जब सीईओ ने संबंधित बाबू को जनपद सदस्यों की उपस्थिति में चेंबर में बुलाया तो संबंधित बाबू रामलाल साहू ने अपना पक्ष रखा। कहा कि मुझे जो दायित्व तो दिया गया था, मैंने उसे पूरा किया है। मुझ पर यदि कार्यवाही होती है तो मैं भी अपने उच्चाधिकारियों तक जाऊंगा और न्याय की मांग करूँगा। मुझे अधिकारी के द्वारा दोषी ठहराना सरासर गलत है।

# मोहारा सोसाइटी में 54 लाख का धान घोटाला : एफआईआर के 15 दिन बाद भी आरोपी फरार

**0 गिरफ्तारी नहीं होने पर किसानों ने लगाया राजनीतिक संरक्षण का आरोप, पुलिस चौकी में सौंपा ज्ञापन**

**0 31 मई तक कार्रवाई न होने पर 1 जून से मोहारा चौक में अनिश्चितकालीन चक्काजाम का ऐलान**




डोंगरगढ़/मोहारा (दावा)। मोहारा सेवा सहकारी सोसाइटी में हुए 54 लाख रुपए के बहुचर्चित धान घोटाले को लेकर क्षेत्र के किसानों का आक्रोश सातवें आसमान पर पहुंच गया है। सोसाइटी के दागी समिति प्रबंधक संतोष वर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन के मामले में पुलिसिया एफआईआर दर्ज हुए 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस की इस सुस्त कार्यप्रणाली और टालमटोल से नाराज सैकड़ों किसानों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। किसानों ने खुले तौर पर आरोप लगाया है कि 14 मई 2026 को आरोपी प्रबंधक के खिलाफ सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज होने के बावजूद 29 मई तक पुलिस ने उसे छुआ तक नहीं है। पीड़ित किसानों का सीधा आरोप है कि आरोपी संतोष वर्मा खुलेआम घूम रहा है और उसे सत्ताधारी दल के कुछ स्थानीय रसूखदार नेताओं का कड़ा राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। इसी भारी राजनैतिक दबाव के कारण स्थानीय पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने से बच रही है।

### पुलिस चौकी पहुंचकर अल्टीमेटम, 1 जून से थमेंगे पहिए

इस प्रशासनिक ढुलमुल रवैये के खिलाफ शुक्रवार को मोहारा सोसाइटी के अंतर्गत आने वाले गांवों के दर्जनों किसान एकजुट होकर पुलिस चौकी मोहारा पहुंचे। वहां किसानों ने चौकी प्रभारी को एक लिखित आवेदन सौंपकर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। किसानों ने अल्टीमेटम देते हुए साफ लहजे में चेतावनी दी है कि यदि आगामी 31 मई 2026 तक आरोपी प्रबंधक को सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया, तो 1 जून से मोहारा मुख्य चौक पर अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

### सोसाइटी किसानों की रीढ़, झुकेंगे नहीं : किसान नेता

चौकी घेराव के दौरान किसान नेताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सहकारी सोसाइटी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की रीढ़ होती है। वहां अन्नदाताओं की गाढ़े पसीने की कमाई और धान का 54 लाख रुपए का बड़ा घोटाला कर दिया गया। यदि राजनीतिक रसूख और दबाव के चलते इस महाघोटाले के दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया, तो किसान चुप नहीं बैठेंगे और इस आंदोलन को पूरे जिले में उग्र रूप से फैलाया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से प्रखर किसान नेता दयालु वर्मा, मोरध्वज वर्मा, बिसौहा, समारू, समलाल, उधो सहित मोहारा सोसाइटी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों के पीड़ित किसान और ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# मुड़पार सोसाइटी में खाता यथावत रखने की मांग : अब तुमड़ीबोड़ नेशनल हाईवे पर चक्काजाम करेंगे किसान



**0 सुशासन तिहार में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, प्रशासन को दी 15 दिनों की मोहलत**

**0 मामला सुलझाने के लिए डोंगरगढ़ थाने में बुलाई गई पुलिस प्रशासन की बैठक रही पूरी तरह विफल**

डोंगरगढ़/तुमड़ीबोड़ (दावा)। मुड़पार सेवा सहकारी समिति (सोसाइटी) से जुड़े ग्राम बधियाटोला, रामनगर और छीरपानी के किसानों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोसाइटी में अपना खाता यथावत रखने की एकलौती मांग को लेकर क्षेत्र के सैकड़ों पीड़ित किसान अब आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। रंगकठेरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे किसानों ने प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और जिला कलेक्टर के नाम एक कड़ा ज्ञापन सौंपा। किसानों ने अल्टीमेटम देते हुए शासन-प्रशासन को चेताया है कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर उनकी इस समस्या का स्थाई निराकरण नहीं किया गया, तो क्षेत्र के समस्त किसान विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्थानीय प्रशासन के खिलाफ तुमड़ीबोड़ नेशनल हाईवे के मुख्य चौक पर शांतिपूर्वक बैठकर चक्काजाम आंदोलन करेंगे। किसानों ने दोटूक कहा है कि हाईवे बंद होने से उत्पन्न होने वाली किसी भी विपरीत परिस्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

### दो बार पहले भी जाम कर चुके हैं सड़क, कई बार दे चुके हैं ज्ञापन

गौरतलब है कि इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्षेत्र के पीड़ित किसानों द्वारा इससे पूर्व भी बधियाटोला के मुरमुंदा मार्ग पर दो बार शांतिपूर्वक चक्काजाम किया जा चुका है। इसके अलावा अनेक मर्तबा जिला प्रशासन से लेकर विभाग के उच्चाधिकारियों को लिखित में मांगपत्र सौंपा जा चुका है, लेकिन आज तक इस विषय पर कोई ठोस और सकारात्मक पहल नहीं की गई। जिससे किसानों में गहरा असंतोष है।

### पुलिस प्रशासन के साथ हुई बैठक रही बेनतीजा, फैसले पर अड़े किसान

किसानों द्वारा दोबारा चक्काजाम किए जाने की पूर्व चेतावनी को देखते हुए मुस्तैद गृह और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। आंदोलन को टालने और बीच का रास्ता निकालने के उद्देश्य से प्रशासनिक अफसरों द्वारा प्रभावित किसानों को चर्चा के लिए डोंगरगढ़ थाना बुलाया गया था। थाना परिसर में पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों और किसानों के बीच लंबे समय तक बैठक चली। परंतु, इस महत्वपूर्ण बैठक में भी किसानों की मांग के अनुरूप समस्या का कोई व्यावहारिक निराकरण नहीं निकल पाया। प्रशासनिक रवैये से असंतुष्ट किसान बैठक के बाद भी अपने चक्काजाम के फैसले पर पूरी तरह अड़े रहे और साफ कर दिया कि बिना आदेश के वे पीछे नहीं हटेंगे। प्रशासन के खिलाफ इस मोर्चे में मुख्य रूप से किसान दशरथ ठाकुर, सोमेश्वर सिन्हा, प्रमोद लाऊत्रे, अमरचंद निषाद, अर्जुन बांधे, खेलू पटेल, धर्मेंद्र साहू, मंगल साहू, मनोज सिन्हा, धीराजी निषाद, लीलाधर चंद्रवंशी, जयसिंह चंद्रवंशी, अश्वनी साहू, खोरबाहरा सिन्हा, रग्घू सिन्हा, गोपाल सिन्हा, चेतन सिन्हा, शालिक सिन्हा, उभे जोशी, शंकर चंद्रवंशी, प्रकाश सेन, छोटू, गोपाल, राहुल साहू, सुरेश मरकाम, चेतन शोरी, खेमा जोशी, बबला सिन्हा, गुलशन सिन्हा, इंद्रेश चंद्रवंशी, नारद चंद्रवंशी, भुवन चंद्रवंशी, घनश्याम सिन्हा, मानिक साहू, बीरबल साहू, खेमीन ठाकुर, घनश्याम साहू, सगलू निषाद, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, आदेश साहू, दानिक चंद्रवंशी और संतोष चंद्रवंशी सहित तीनों गांवों के बड़ी संख्या में पीड़ित अन्नदाता उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी और हीट वेव से वन्यजीवों पर संकट, वन विभाग अलर्ट मोड पर



**○ खैरागढ़ वन क्षेत्र में 15 वन्यजीव एवं पक्षियों की मौत, जांच के लिए भेजे गए नमूने**

**○ वन्यजीव संरक्षण हेतु बनाए गए अस्थायी वाटर होल, ट्रेप कैमरों से बढ़ाई गई निगरानी**


खैरागढ़ (दावा)। वन परिक्षेत्र खैरागढ़ अंतर्गत उपवृत्त लछना के वन परिसर दल्लीखोली के वन कक्ष क्रमांक 322 में 25 मई की सायंकाल लगभग 6 बजे कुछ वन्यप्राणी एवं पक्षियों के मृत अवस्था में पाए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुआ और मौके पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान कुल 15 वन्यजीव एवं पक्षी मृत अवस्था में पाए गए। वन विभाग द्वारा समस्त मृत वन्यप्राणियों एवं पक्षियों का पंचनामा तैयार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। साथ ही क्षेत्र के प्राकृतिक जल स्रोतों एवं पर्यावरणीय परिस्थितियों का भी परीक्षण किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पशु चिकित्सकों की एक्सपर्ट टीम तथा विभागीय वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक परीक्षण किया गया।

प्राथमिक जांच में संभावना व्यक्त की गई है कि विगत 3 से 4 दिनों से क्षेत्र में पड़ रही अत्यधिक गर्मी एवं हीट वेव की स्थिति के कारण वन्यप्राणियों और पक्षियों की मौत हुई हो सकती है। जांच के लिए मृत वन्यजीवों के आसपास के जल स्रोतों का पानी एवं मिट्टी के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार घटनास्थल पर प्राकृतिक वाटर होल मौजूद है, लेकिन लगातार बढ़ते तापमान और जंगलों में घटते जलस्तर का असर वन्यजीवों पर पड़ रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए वन विभाग द्वारा वन्यप्राणियों एवं पक्षियों के लिए क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 3 अस्थायी वाटर होल तैयार किए गए हैं। जिनमें नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा आवश्यकता के अनुसार अन्य स्थानों पर भी वाटर होल निर्माण की प्रक्रिया जारी है, ताकि वन्यजीवों को राहत मिल सके।

वन मंडलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में अत्यधिक गर्मी एवं हीट वेव को वन्यप्राणियों और पक्षियों की मौत का संभावित कारण माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा वन्यजीवों के लिए अस्थायी वाटर होल तैयार कर नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही ट्रेप कैमरों के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं निगरानी बढ़ा दी है। ट्रेप कैमरों के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों एवं आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है।

वन विभाग ने अपील जारी करते हुए कहा है कि वर्तमान भीषण गर्मी के दौरान यदि कहीं कोई वन्यप्राणी अथवा पक्षी असामान्य अवस्था में दिखाई दे या घायल, बीमार अथवा मृत मिले तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम वन कार्यालय, वन कर्मचारियों अथवा वनमंडल कार्यालय के कंट्रोल रूम (247) मोबाइल नंबर 9301321797 पर दें, ताकि समय पर उपचार एवं संरक्षण संबंधी कार्रवाई की जा सके। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# ग्राम रोड अतरिया में लू एवं तापघात से बचाव हेतु आयुष्मान प्याऊ स्थापित



खैरागढ़ (दावा)। भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के मार्गदर्शन में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति रोड अतरिया द्वारा आमजन एवं राहगीरों की सुविधा के लिए आयुष्मान प्याऊ स्थापित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में लू (हीट स्ट्रोक) एवं तापघात से बचाव करते हुए राहगीरों, किसानों, श्रमिकों एवं ग्रामीणों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। आयुष्मान प्याऊ के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे गर्मी जनित बीमारियों एवं निर्जलीकरण की समस्या से राहत मिल रही है।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में जिले में लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाव एवं प्रबंधन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी पीना, धूप में निकलते समय सिर को ढंकना तथा सुबह 10 से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में जाने से बचना आवश्यक है।

डॉ. शर्मा ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति रोड अतरिया की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए अन्य ग्राम समितियों को भी ऐसे नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि लू एवं तापघात के लक्षण जैसे चक्कर आना, अत्यधिक प्यास लगना, सिर दर्द, कमजोरी, उल्टी अथवा बेहोशी महसूस होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें तथा अधिक मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थों का सेवन करें। आयुष्मान प्याऊ की स्थापना ग्राम स्तर पर सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। जो जनस्वास्थ्य संरक्षण एवं गर्मी से बचाव के प्रयासों को मजबूती प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच, पंचगण, बीएमओ, बीपीएम, नेत्र सहायक अधिकारी, विकासखंड समन्वयक मितानिन, मितानिन प्रेरक, मितानिन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।।

# निजी गोदाम बने लाखों के यात्री प्रतीक्षालय का भाजपाईयों ने उग्र आंदोलन कर तुड़वाया ताला

**0 अपर कलेक्टर और एसडीएम के निर्देश पर प्रतीक्षालय खाली कराने व सामग्री जब्त करने की कार्रवाई शुरू**

छुईखदान (दावा)। नगर पंचायत छुईखदान प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे एक बड़े रसूखदार खेल और प्रशासनिक लापरवाही का भंडाफोड़ हुआ है। नगर के बस स्टैंड पर लाखों रुपए की लागत से निर्मित जनसुविधा का यात्री प्रतीक्षालय, जो पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा था, उसे एक रसूखदार निजी व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से गोदाम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। इस गंभीर जन-समस्या को समाचार पत्र द्वारा प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे गंभीरता से लिया और उग्र आंदोलन कर प्रतीक्षालय का ताला तुड़वा दिया।

उल्लेखनीय है कि इस भीषण और जानलेवा गर्मी में बस स्टैंड पहुंचने वाले यात्री छांव और बैठने की जगह न होने के कारण चिलचिलाती धूप में खड़े रहने को मजबूर थे। समाचार प्रकाशित होने के बाद जागृत हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रियों के इस कष्ट को देखते हुए बाजार लाइन से एक विशाल आक्रोश रैली निकाली। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय पहुंचे और वहां जबरदस्त प्रदर्शन किया।

### निजी स्वार्थ के लिए रसूखदार को किराए पर देने का आरोप

आंदोलनकारियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लाखों रुपए की सरकारी लागत से जनता की सुविधा के लिए बनाया गया यह प्रतीक्षालय भ्रष्टाचार और निजी स्वार्थ के चलते एक व्यक्ति को गुपचुप तरीके से किराए पर दे दिया गया था। वह व्यक्ति वर्षों से इसका उपयोग अपने निजी व्यवसाय के सामान को डंप करने (गोदाम के रूप में) के लिए कर रहा था, जबकि मुख्य मार्ग पर यात्री धूप में तपने को विवश थे।



### नगर पंचायत कार्यालय के सामने धरने पर बैठे कार्यकर्ता, पहुंचे आला अफसर

प्रतीक्षालय पर प्रदर्शन करने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम सीधे नगर पंचायत कार्यालय पहुंचा और मुख्य गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गया। मामले की संवेदनशीलता और उग्र होते प्रदर्शन की खबर जैसे ही जिला मुख्यालय में अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को हुई। वे कुछ ही घंटों के भीतर दलबल के साथ सीधे छुईखदान नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे।

### सामग्री जब्त करने और तत्काल सफाई कराने के कड़े निर्देश

धरना स्थल पर उच्च अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और उनका ज्ञापन लिया। मामले को प्रत्यक्ष रूप से गंभीर पाते हुए उच्च अधिकारियों ने मौके पर ही नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल निर्देशित किया कि यात्री प्रतीक्षालय का ताला तुरंत खोला जाए। अधिकारियों ने आदेश दिया कि भीतर अवैध रूप से रखे व्यावसायिक सामान को तत्काल जब्ती बनाकर राजसात किया जाए और पूरे परिसर की सघन साफ-सफाई कराकर इसे आज से ही यात्रियों के बैठने के लिए सुलभ व उपयुक्त बनाया जाए। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत क्षेत्र की अन्य जनसमस्याओं से भी उच्च अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने नियमानुसार त्वरित निराकरण का ठोस भरोसा दिया।

इस त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई को भारतीय जनता पार्टी और पीड़ित आम जनता के लिए एक बहुत बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। जनहित की इस बड़ी लड़ाई और आंदोलन में मुख्य रूप से जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन, मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर, रोशन चंद्राकर, संदीप महोबिया, ज्ञान यादव, अनुभा जैन, पन्ना मांडवी, किरण गुप्ता, किरण वैष्णव, देवेश सोनी, मीडिया प्रभारी दीपक देशमुख, राजू उइके, शुभम विश्वास, महावीर जैन और श्रीकांत महोबिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय व्यापारी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## सावधान! वाईफाई से हो सकती है आपकी ट्रैकिंग, सामने आया नया खतरा

नई दिल्ली। दुनियाभर में डिजिटल प्राइवेसी और निगरानी को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। जर्मनी के वैज्ञानिकों ने ऐसा दावा किया है जिसने इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले करोड़ों लोगों की चिंता बढ़ा दी है। रिसर्च के मुताबिक, अब साधारण Wi-Fi राउटर भी बिना कैमरे और बिना किसी स्मार्ट डिवाइस के लोगों की गतिविधियों को ट्रैक कर सकते हैं। जर्मनी के कार्लसरुहे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने एक नई तकनीक विकसित की है, जिसे BFId नाम दिया गया है। यह तकनीक W iFi नेटवर्क में इस्तेमाल होने वाले "Beamforming Feedback Information" फीचर का उपयोग करती है। असल में Wi-Fi 5 और उससे आगे की टेक्नोलॉजी में यह फीचर इंटरनेट सिग्नल को बेहतर बनाने के लिए जोड़ा गया था। लेकिन रिसर्चर्स का कहना है कि यही सिग्नल अब लोगों की मूवमेंट और बॉडी पैटर्न को पहचानने में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। शोधकर्ताओं ने मशीन लर्निंग और AI मॉडल्स की मदद से इंसानी शरीर की रेडियो इमेज तैयार करने का तरीका विकसित किया। यह तकनीक रोशनी की जगह रेडियो वेव्स का इस्तेमाल करती है। जब कोई व्यक्ति कमरे में चलता है, तो उसके शरीर से W iFi वेव्स प्रभावित होती हैं।

## शेयर बाजार ; सेंसेक्स 76,000 के ऊपर

मुंबई। मजबूत वैश्विक संकेतों से भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के सत्र में हरे निशान में खुला। सुबह 9:24 पर सेंसेक्स 213 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,080 और निफ्टी 44 अंक या 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,951 पर था। शुरुआती कारोबार में बाजार में तेजी का नेतृत्व आईटी शेयर कर रहे थे। सूचकांकों में निफ्टी आईटी टॉप गेनर था। इसके अलावा, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी फार्मा, निफ्टी मीडिया, निफ्टी हेल्थकेयर, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी एनर्जी और निफ्टी कमोडिटी हरे निशान में थे। निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी पीएसई और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स लाल निशान में था। मिडकैप और स्मॉलकैप में मिलाजुला कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 18 अंक की मामूली मजबूती के साथ 62,578 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 50 अंक की तेजी के साथ 18,345 पर था।

## अब्दुल्ला आजम राहत: 7 साल की सजा रद्द

नई दिल्ली। रामपुरः रामपुर के चर्चित दो पासपोर्ट मामले में सपा नेता आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आज़म को बड़ी कानूनी राहत मिली है। अपीलीय अदालत ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सात साल की सजा को रद्द कर दिया है। शुक्रवार को आए इस फैसले के बाद सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। यह मामला वर्ष 2019 में दर्ज हुआ था। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्मतिथियों के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाए। शिकायत के अनुसार, एक पासपोर्ट में जन्मतिथि 1 जनवरी 1993 दर्ज थी, जबकि दूसरे में 30 सितंबर 1990 दर्ज थी। आरोप था कि दोनों पासपोर्ट का उपयोग विदेश यात्राओं में भी किया गया।

पुलिस जांच के बाद आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया और मुकदमे की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में हुई। निचली अदालत ने अब्दुल्ला आजम को दोषी मानते हुए सात साल की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ उन्होंने अपील दाखिल की थी। अब अपीलीय अदालत ने उस फैसले को रद्द कर दिया है। हालांकि, दो पैन कार्ड मामले में आजम खान और अब्दुल्ला आजम को अभी राहत नहीं मिली है।

## सूडान में चरम पर हिंसा, सेना पर लगा बच्चों-बुजुर्गों समेत 27 लोगों की हत्या का आरोप

नई दिल्ली। सूडान में जारी गृहयुद्ध अब और भी खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। देश में हिंसा इस कदर बढ़ चुकी है कि अब आम लोग, बच्चे और बुजुर्ग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। एक मानवीय संगठन ने आरोप लगाया है कि सूडान पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्स से जुड़ी ताकतों ने नॉर्थ कोर्डोफन के गांवों में हमला कर 27 लोगों की हत्या कर दी। बताया गया कि जिस इलाके को निशाना बनाया गया, वहां किसी तरह की सैन्य मौजूदगी नहीं थी और लोग एक बड़े मुस्लिम त्योहार की तैयारी में जुटे थे। वहीं सूडान की डॉक्टर्स नेटवर्क ने कहा कि इन हमलों ने पहले से खराब मानवीय हालात को और गंभीर बना दिया है। संगठन के मुताबिक गांवों और आम नागरिकों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का खुला उल्लंघन है। लगातार बढ़ती हिंसा के बीच सूडान में लोगों की जिंदगी डर और असुरक्षा के साए में गुजर रही है।



# फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अर्जेंटीना टीम का ऐलान

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए 26 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। लियोनेल मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना अपने खिताब का बचाव करने के इरादे से उतरेगी। फीफा वर्ल्ड कप में ब्राजील ने 1962 में आखिरी बार अपने खिताब का बचाव किया था। इसके बाद से कोई भी टीम लगातार दो बार विश्व कप की ट्रॉफी को अपने नाम नहीं कर सकी है। मेसी के नेतृत्व में अर्जेंटीना टीम का अटैक काफी मजबूत नजर आ रहा है।

मेसी का साथ इंटर मिलान के स्ट्राइकर लुटारो मार्टिनेज और एटलेटिको मैड्रिड के जूलियन अल्वारेज देते हुए नजर आएंगे। कोच स्कालोनी ने इस बार कुछ नए खिलाड़ियों पर भी भरोसा जताया है, जो कतर वर्ल्ड कप में टीम का हिस्सा नहीं थे। इनमें वैलेंटिन बार्को शामिल हैं, जिन्होंने यूरोप में बेहतरीन सीजन खेला। इसके अलावा जोस मैनुअल लोपेज को भी मौका मिला है। वह ब्राजील के क्लबपाल्मेरास के सेंटर-फॉरवर्ड हैं और जरूरत पड़ने पर अल्वारेज और मार्टिनेज के बैकअप के रूप में खेल सकते हैं। निको पाज को भी टीम में जगह दी गई है। उन्होंने कोमो 1907 के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, इसलिए कोचिंग स्टाफ उन्हें काफी पसंद करता है।

लियोनेल मेसी अपना छठा वर्ल्ड कप खेलने उतरेंगे। इंटर मियामी के लिए अपने आखिरी मैच में मेसी दिक्कत में नजर आए थे और उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा था। हालांकि, क्लब ने बताया था कि उनकी इंजरी गंभीर नहीं है और उनके बाएं हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों में सिर्फ थकान है। स्कालोनी ने कहा, हम ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स में मेसी का गेम देख रहे थे, जब हमें एहसास हुआ कि उन्होंने सब्स्टीट्यूट होने के लिए कहा था। वह ठीक महसूस नहीं कर रहे थे। शुरुआती रिपोर्ट बहुत बुरी नहीं हैं। जाहिर है कि हम चाहते थे कि उन्हें कुछ भी न हुआ होता। अब हमें बस इंतजार करना होगा और देखना होगा कि चीजें कैसे आगे बढ़ती हैं। मुझे लगता है कि यह कन्फर्म



करने के लिए कि क्या स्थिति सच में वैसी ही है जैसी वे कह रहे हैं, उनके और टेस्ट होंगे।

एमिलियानो मार्टिनेज के टीम में खेलने की पुष्टि हो गई है। पिछले हफ्ते यूईएफए यूरोपा लीग फाइनल के दौरान एस्टन विला के लिए खेलते समय उनकी एक उंगली में फ्रैक्चर हो गया था। इसके अलावा, डिफेंडर क्रिस्टियन रोमेरो को भी टीम में शामिल किया गया है। वह घुटने की चोट से उबर रहे हैं।

चार साल पहले अर्जेंटीना को चैंपियन बनाने वाले 9 खिलाड़ियों को इस बार टीम में जगह नहीं मिली है। फ्रेंको अरमानी, जुआन फोयथ, जर्मन पेजेला, मार्कोस एक्यूना, एंजेल डि मारिया, एलेजांद्रो गोमेज, गुइडो रोड्रिगेज, पाउलो डायबाला, एंजेल कोरेया और फ्रेंको मास्टैंटुओनो को इस बार टीम में शामिल नहीं किया गया है। अर्जेंटीना फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान का आगाज 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ करेगी। इसके बाद ग्रुप जे में टीम की भिड़ंत ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से होगा।

### फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अर्जेंटीना का स्क्वॉड

गोलकीपर : एमिलियानो मार्टिनेज (एस्टन विला), गेरोनिमो रूली (ओलंपिक डे मार्सिले), जुआन मुसो (एटलेटिको मैड्रिड)

डिफेंडर– लियोनार्डो बालेरडी (ओलंपिक डे मार्सिले), निकोलस टैग्लियाफिको (ओलंपिक लियोनिस), गोंजालो मोंटिएल (रिवर प्लेट), लिसेंड्रो मार्टिनेज (मैनचेस्टर यूनाइटेड), क्रिस्टियन रोमेरो (टोटेनहम हॉटस्पर), निकोलस ओटामेंडी (बेनफिका), फैकुंडो मदीना (ओलंपिक डे मार्सिले), नाहुएल मोलिना (एटलेटिको मैड्रिड)

मिडफील्डर– लिएंड्रो पारेडेस (बोका जूनियर्स), रोड्रिगो डी पॉल (इंटर मियामी), वैलेन्टिन बार्को (रेसिंग स्ट्रासबर्ग), जियोवानी लो सेल्सो (रियल बेटिस), एक्सेक्विएल पालासियोस (बायर लेवरकुसेन), एलेक्सिस मैक एलिस्टर (लिवरपूल), एंजो फर्नांडीज (चेल्सी) फॉरवर्डः जूलियन अल्वारेज (एटलेटिको मैड्रिड), लियोनेल मेस्सी (इंटर मियामी), निको गोंजालेज (एटलेटिको मैड्रिड), थियागो अल्माडा (एटलेटिको मैड्रिड), गिउलिआनो शिमोन (एटलेटिको मैड्रिड), निको पाज (कोमो), जोस मैनुअल लोपेज (पाल्मेरास), लुटारो मार्टिनेज (इंटर मिलान)।

# विनेश फोगाट को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत, एशियन गेम्स ट्रायल्स में हिस्सा लेने की मिली अनुमति

नई दिल्ली। मशहूर भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें आगामी एशियन गेम्स के सेलेक्शन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। दरअसल, रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने विनेश को इन ट्रायल्स में हिस्सा लेने से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसे अब अदालत ने खारिज कर दिया है। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने भी विनेश फोगाट के पक्ष में ही फैसला सुनाया था, लेकिन फेडरेशन ने उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बाद विनेश फोगाट के लिए एशियन गेम्स के ट्रायल्स में उतरने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

अदालत ने इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट के पहले के फैसले को बदलने से साफ मना कर दिया। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने विनेश फोगाट की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने इंटरनेशनल



लेवल पर खेल कर देश का नाम रोशन किया है और पूरे देश को उन पर गर्व है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर थोड़ी चिंता भी जताई कि हाई कोर्ट ने इस पूरे मामले की सुनवाई किस तरीके से की थी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने हाई कोर्ट के मुख्य आदेश में कोई बदलाव या दखल नहीं किया।

सुप्रीम कोर्ट ने विनेश फोगाट को एशियन गेम्स के ट्रायल्स में शामिल होने की इजाजत तो दे दी, लेकिन साथ ही दिल्ली हाई कोर्ट के काम करने के तरीके पर चिंता जताई। सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि हाई कोर्ट ने जिस ढंग से इस मामले की सुनवाई की, वह सही नहीं था। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर अदालतें खेल के मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देंगी, तो इससे खेल के पूरे सिस्टम पर बुरा असर पड़ सकता है।

22 मई को दिल्ली हाई कोर्ट ने विनेश फोगाट को एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में शामिल होने की मंजूरी दे दी थी। अदालत ने भारतीय कुश्ती संघ को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि खिलाड़ियों को चुनने के उनके नियम भेदभाव से भरे हैं। कोर्ट का मानना था कि इन नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं था, जिससे मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली विनेश जैसी महान खिलाड़ी के नाम पर विचार किया जा सके। रेसलिंग फेडरेशन ने दिल्ली हाई कोर्ट के इसी फैसले को मानने से इनकार करते हुए इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

# आईपीएल फाइनल से पहले बीसीसीआई का एक और फरमान, अब खिलाड़ी क्या नहीं कर पाएंगे

नई दिल्ली। आईपीएल के इस सीजन में अब केवल दो ही मैच और बचे हैं। आज शाम यानी शुक्रवार को क्वालीफायर 2 खेला जाएगा, इसके बाद रविवार को फाइनल मुकाबला होगा। आरसीबी की टीम पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है, आज जीत दर्ज करने वाली टीम फाइनल में जाएगी। इस बीच अचानक बीसीसीआई की ओर से टीमों और मैच अधिकारियों के लिए एक नया फरमान जारी किया गया है। दरअसल मैच के दौरान अब स्मार्ट सनग्लास नहीं पहने जा सकेंगे, इस पर रोक लगा दी गई है।



इंडियन प्रीमियर लीग के मैचों के दौरान मैच अधिकारी और खिलाड़ी अब स्मार्ट सनग्लास का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। ऐसा बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट की ओर से दिए गए सुझाव के बाद किया गया है। इस बारे में एक एडवाइजरी टीमों को जारी कर दी गई है। इसमें कहा गया है कि कुछ कंपनियां प्लेयर्स और सपोर्ट स्टॉफ को स्मार्ट सनग्लास दे रही हैं। दरअसल ये स्मार्ट सनग्लास एडवांस्ड कम्यूनिकेशन फीचर्स से लैस होते हैं। इसमें लाइव स्ट्रीमिंग, टेक्स्ट मैसेज भेजना और पाना आसान होता है। इतना ही नहीं, ये मोबाइल डाटा और वाईफाई से लैस होते हैं। इनके जरिए कॉलिंग भी की जा सकती है। इसलिए मैच के दौरान इन्हें नहीं पहना जा सकेगा।

### सुप्रीम कोर्ट का देश के सभी हाई कोर्ट्स को बड़ा निर्देश कहा

# फैसला सुरक्षित रखने के तीन महीने के भीतर सुनाएं जजमेंट

नई दिल्ली। देश की शीर्ष अदालत ने न्याय प्रक्रिया को तेज करने की दिशा में शुक्रवार को एक बेहद ऐतिहासिक और बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी उच्च न्यायालयों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखने के अधिकतम 3 महीने के भीतर जजमेंट सुना दिया जाना चाहिए। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि फैसलों में होने वाली लंबी देरी के कारण मुकदमों से जुड़े आम लोगों को ऐसा नुकसान होता है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में बहुत तेजी से फैसले लेने की आवश्यकता है। अदालत ने निर्देश दिया कि जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन सुनाया जाना चाहिए। यदि किन्हीं कारणों से फैसला सुरक्षित रखा जाता है, तो उसे अगले ही दिन हर हाल में सुनाकर वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

### जमानत मिलते ही तुरंत जेल प्रशासन को सूचित करने का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी नई गाइडलाइंस में कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा है कि किसी भी कैदी को जमानत मिलने या उसकी सजा के निलंबन का आदेश आते ही इसकी तुरंत जानकारी जेल प्रशासन को भेजी जानी चाहिए। आदेश मिलने के बाद विचाराधीन कैदी या दोषी को उसी दिन या फिर अधिकतम अगले दिन तक जेल से रिहा कर दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली अपनी विशेष शक्तियों का उपयोग करते हुए ये कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस बेंच ने सभी उच्च न्यायालयों को साफ कह दिया है कि जितने भी फैसले अभी लंबित पड़े हैं, उन्हें अगले तीन महीनों के भीतर सुना दिया जाए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों को भी नियमित जमानत आदेशों के संबंध में तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया है।

# हमीरपुर में तेज आंधी-तूफान के कारण गिरा निर्माणाधीन पुल, 6 मजदूरों की दर्दनाक मौत

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले से देर रात एक बेहद दर्दनाक और बड़ा हादसा सामने आया है। जिले के मोरा कांडर और कुरारा इलाके को आपस में जोड़ने के लिए बेतवा नदी पर एक नए पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। देर रात इलाके में अचानक मौसम का मिजाज बदला और बेहद तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई।



इसी दौरान इस निर्माणाधीन पुल की एक बेहद भारी-भरकम और मुख्य कंक्रीट स्लैब अचानक ताश के पत्तों की तरह ढह गई। जो पुल आने वाले समय में लाखों लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए तैयार किया जा रहा था, वह वहां काम कर रहे गरीब मजदूरों के लिए अचानक काल का सबब बन गया। इस मलबे की चपेट में आने से पुल पर काम कर रहे 6 मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, जिला प्रशासन की टीमें और वरिष्ठ अधिकारी भारी लाव-लश्कर के साथ मौके पर पहुंच गए। मलबे के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि भारी कंक्रीट के नीचे अभी भी कई अन्य मजदूरों के दबे होने की गंभीर आशंका बनी हुई है, जिसके कारण मरने वालों का कुल आंकड़ा अभी और ज्यादा बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया तत्काल संज्ञान, राहत और मुआवजे के निर्देश

हमीरपुर में हुए इस भीषण पुल हादसे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने इस दर्दनाक हादसे में मारे गए श्रमिकों के प्रति गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की है। सीएम योगी ने लखनऊ से ही वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और राहत व बचाव कार्य को और अधिक तेज करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को आदेश दिए हैं कि मलबे से निकाले गए सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराकर उनका मुफ्त और उचित इलाज सुनिश्चित किया जाए तथा मृतकों के आश्रितों को सरकार की तरफ से देय उचित मुआवजा और हर मुमकिन सहायता तत्काल मुहैया कराई जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मानी....**

एलओपी हैं। एलओपी अगर तथ्य विहीन आधार विहीन बातों को रखेंगे तो हम क्या कर पाएंगे। इनकी बातों में कोई तथ्य नहीं है, कोई आधार नहीं है, वो दोहरी मत के व्यक्ति हैं। उनके वहां काम करें तो सही कर रहा है, सही कंपनी है। सीबीएसई ने लिया तो गलत किया। ये दोहरापन है, डबल स्टैंडर्ड है।

**आज भारत आएंगे म्यांमार के....**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देश अपने पुराने ऐतिहासिक और दोस्ताना रिश्तों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दौरे के दौरान व्यापार और निवेश बढ़ाने पर भी विशेष जोर रहेगा। म्यांमार राष्ट्रपति की यात्रा में व्यापारिक बैठकों को भी खास महत्व दिया गया है। राष्ट्रपति मुंबई में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि भारत म्यांमार में इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने की रणनीति पर आगे बढ़ सकता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों देशों की कोशिश आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई देने की है। भारत पहले से ही म्यांमार में कई विकास परियोजनाओं में सहयोग कर रहा है। माना जा रहा है कि चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच भारत म्यांमार के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करना चाहता है, ताकि क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखा जा सके।

**नीट लीक पर सुप्रीम कोर्ट सख्त....**

लागू किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में तय की है। गौरतलब है कि मेडिकल कोर्सेज में दाखिले के लिए नीट यूजी परीक्षा इस साल 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि पेपर लीक के आरोप सामने आने के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी थी। अब दोबारा परीक्षा 21 जून को कराई जाएगी। पेपर लीक मामले की जांच फिलहाल केंद्रीय जांच ब्यूरो कर रही है।

**राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मंजूर....**

के साथ होने वाली बैठक केवल औपचारिक मुलाकात नहीं है, बल्कि यह कर्नाटक की नई सरकार की दिशा तय करने वाला सबसे बड़ा कदम है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री के रूप में नाम की आधिकारिक घोषणा के साथ-साथ नए मंत्रिमंडल के ढांचे पर विस्तार से चर्चा होगी। सिद्धारमैया गुट और शिवकुमार गुट के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए नए मंत्रियों की सूची और उनके विभागों के बंटवारे को लेकर अंतिम रणनीति तैयार की जाएगी, ताकि सरकार के भीतर किसी भी तरह का आंतरिक असंतोष न पनपे।

**पूर्व सीएम विजयन के घर ईडी छापे.....**

रखने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि यह बात सभी ने देखी है। ईडी की यह कार्रवाई उनकी बेटी की कंपनी और एक रेत खनन कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन से जुड़े सीएमआरएल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई थी। इस मुद्दे पर सतीशन ने साफ कहा कि वंदे मातरम् को पूरा गाना कानूनी रूप से अनिवार्य नहीं है और देश में ऐसा कोई कानून नहीं है, जो इसे पूरी तरह गाने के लिए बाध्य करता हो। उनके इस बयान के बाद राज्य की राजनीति में नई बहस शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रभक्ति किसी एक तरीके से साबित नहीं की जा सकती और लोगों को संविधान के दायरे में रहकर अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय गीत का सम्मान जरूरी है, लेकिन इसे लेकर जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विकास को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि सरकार के पास केरल को पोर्ट और एविएशन हब में बदलने की बड़ी योजनाएं हैं। राज्य में बंदरगाह, एयर कनेक्टिविटी और निवेश बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है> सतीशन ने कहा कि राज्यपाल के नीति भाषण में साफ संकेत दिया गया है कि सरकार जनता से किए गए चुनावी वादों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि रोजगार, उद्योग, पर्यटन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नई सरकार जनता का भरोसा टूटने नहीं देगी और विकास के साथ कानून व्यवस्था को भी मजबूत रखा जाएगा।

**बंगाल में एक अगस्त से होगी....**

होने वाली घुसपैठ को बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश के साथ पश्चिम बंगाल की 600 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ नहीं लगी है। उन्होंने पिछली सरकार पर आरोप लगाया कि जमीन न देने के कारण बीएसएफ वहां बाड़ नहीं लगा सकी। इसी खुली सीमा की वजह से घुसपैठ हुई और राज्य के कई इलाकों का जनसांख्यिकीय ढांचा बदल गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अभियान बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए बंगाल के हर नागरिक को इसमें शामिल होना चाहिए। जनगणना का यह पहला चरण राज्य के विकास और भविष्य की योजनाओं के लिए एक मजबूत आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि इस बार आंकड़े पूरी सटीकता के साथ जुटाए जाएंगे।

**सुप्रीम कोर्ट से आशुतोष महाराज....**

आशुतोष ने स्पेशल पोक्सो कोर्ट का रुख किया, जिसके आदेश पर 21 फरवरी को प्रयागराज के झुंसी थाने में शंकराचार्य, उनके शिष्य और 2-3 अज्ञात लोगों के खिलाफ बटुकों के साथ कुकर्म और यौन शोषण की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने और अपनी जमानत बरकरार रहने पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गहरी संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, जब इस तरह के न्यायपूर्ण फैसले आते हैं, तो आम लोगों का न्याय की प्रक्रिया के प्रति विश्वास और ज्यादा मजबूत होता है। जो लोग कानून को एक जाल के रूप में इस्तेमाल कर दूसरों को फंसाने की कोशिश करते हैं, वे हमेशा सफल नहीं होते, क्योंकि झूठ की उम्र कभी लंबी नहीं होती है। दूसरी ओर, आशुतोष महाराज की वकील रीना एन. सिंह ने इस फैसले पर असंतोष जाहिर किया है।

**छत्तीसगढ़ में इबोला को लेकर....**

हेमोरेजिक फीवर का कारण बनती है। यह संक्रमित व्यक्ति या जानवर के शारीरिक तरल पदार्थ जैसे खून, लार, पसीना और उल्टी के सीधे संपर्क में आने से फैलता है। भारत सरकार ने एहतियात के तौर पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित कई प्रमुख एयरपोर्ट्स पर थर्मल स्क्रीनिंग और कड़ी निगरानी शुरू कर दी है।

**जहां पहुंचना भी मुश्किल था, वहां खड़ी....**

घेरा बनाने में कामयाब रहे हैं। मुझे उन भारी तकनीकी चुनौतियों का पूरी तरह से अंदाजा है, जिन्हें पार करके ही ये टावर यहां खड़े किए जा सके हैं, जो अभी हमारे सामने मौजूद हैं। सीमा चौकियों के आस-पास का पूरा इलाका जमीन के स्तर से लगभग 3.75 मीटर ऊपर उठाया गया है, लगातार तीन महीनों तक, मैंने खुद रोजाना के आधार पर काम की प्रगति पर नजर रखी, और यह सुनिश्चित किया कि सर्वेक्षण का काम किसी भी हाल में न रुके। संबोधन में गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल में अधूरी सीमा बाड़बंदी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा में सबसे बड़ी कमजोरी यही थी। अमित शाह ने कहा हमारी सुरक्षा व्यवस्था में सबसे बड़ी कमी बंगाल में सीमा पर बाड़बंदी का अधूरा होना था। कुछ ही दिन पहले बंगाल में बीजेपी की सरकार बनी है, और एक ही हफ्ते के भीतर मुख्यमंत्री ने बाड़बंदी के लिए जरूरी सारी जमीन आवंटित करने का फैसला कर लिया है। इसके अलावा, उस जमीन को सौंपने की असल प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है।

# बहराइच में अवैध मदरसा और 11 दुकानों पर चला बुलडोजर, लखनऊ हाईकोर्ट के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई



हुजूरपुर (बहराइच)। खलिहान की जमीन पर बने अवैध मदरसा व 11 दुकानों को शुक्रवार दोपहर में तहसील और पुलिस प्रशासन की टीम ने बुलडोजर से गिरवा दिया। यह कार्रवाई प्रशासन ने लखनऊ हाईकोर्ट के निर्देश पर की है। मौके पर लोगों की काफी भीड़ रही। पयागपुर तहसील के हुजूरपुर के ग्राम पंचायत सिंहपुर के मजरा घिसियौना में खलिहान की जमीन है। इस जमीन पर मदरसा और 11 दुकानें अरसा पूर्व बना दी गई थीं। इसको लेकर गांव निवासी रईस अहमद ने लखनऊ हाईकोर्ट में अधिवक्ता सिंह के द्वारा वाद दायर करवाया था।

कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने के निर्देश जिला प्रशासन को बीते दिनों दिया था। जिस पर दोपहर में तहसीलदार अंबिका चौधरी, थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह, लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के साथ पुलिस टीम को लेकर मौके पर पहुंचे। जमीन की पैमाइश करवाई गई।

इसके बाद तहसील प्रशासन ने बुलडोजर से मदरसा को गिरा दिया। इससे लगी हुई 11 दुकानें भी बुलडोजर कार्रवाई में गिरा दी गईं। कार्रवाई को लेकर लोगों में हलचल रही। सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते सभी कार्रवाई कर टीम वापस लौट गई।

# बालोद पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 6 लाख से अधिक के गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार



बालोद(दावा)। छत्तीसगढ़ की बालोद पुलिस का गांजा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने एक तस्कर को पकड़ा है, जो पावर एक्सल गाड़ी से गांजा की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से 6 लाख रुपए से ज्यादा का गांजा बरामद किया है। यह पूरा मामला पुरुर थाना क्षेत्र का है।

क्या है पूरा मामला ?

जानकारी के मुताबिक, पुरुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी अपने टीवीएस एक्सेल 100 क्रमांक सीजी 24 च 0170 से मादक पदार्थ गांजा ले जा रहा है। सूचना के बाद पुरुर थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू और उनकी टीम ने मूरपार के पास गाड़ी को रोक लिया। इसके बाद जब उसकी तलाशी ली गई, तो 6 लाख 5 हजार रुपए का 12.100 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बालोद से रायपुर कर रहा था तस्करी वहीं जब पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने अपना नाम रवि नेताम पिता नरेश नेताम उम्र 40 वर्ष बताया, जो कि कसेरी गांव में मनेरीपारा का रहने वाला है। उसने बताया कि वह गांजा को बालोद से रायपुर ले जा रहा था। पुलिस ने उसके पास से 12.100 किलोग्राम गांजा और प्रयुक्त गाड़ी को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 20 (क्ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## मतदान एवं मतगणना तिथि को शुष्क दिवस घोषित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन 2026 को संपन्न कराने कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र यादव ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम अंतर्गत मतदान एवं मतगणना तिथि को शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने जिले के देशी (कम्पोजिट) मदिरा दुकान घुमका को मतदान दिवस 1 जून 2026 के 48 घंटा पूर्व मदिरा दुकान को बंद करने तथा मतगणना तिथि 4 जून 2026 को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के निर्देश दिए है। इसी तरह विदेशी (कम्पोजिट) मदिरा दुकान सोमनी-सांकरा, एफएल 1 (ख-कम्पोजिट अहाता) एवं द ब्लिज क्लब एफएल 4 (क) सोमनी-सांकरा को मतदान तिथि 1 जून 2026 के 48 घंटे पूर्व मदिरा दुकान को बंद करने के निर्देश दिए है। शुष्क दिवस के दौरान अवैध मदिरा, धारण, परिवहन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राजनांदगांव क्षेत्र में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना बनी वरदान




- 4 जिलों के 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को मिली 15 करोड़ 22 हजार रुपए की भारी छूट
- आर्थिक बोझ से दबे किसानों और गरीब परिवारों के लिए संजीवनी साबित हो रही प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना

राजनांदगांव (दावा)। कवर्धा, मोहला, खैरागढ़ प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी 'मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026' राजनांदगांव क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलों में बिजली बिलों के बोझ से दबे नागरिकों एवं किसानों को राहत देने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। 'मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना' के माध्यम से इन चार जिलों के लगभग 50 हजार 5 सौ से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इसमें सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार के बीपीएल, घरेलू और कृषक श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। विभाग द्वारा अब तक मूल बकाया राशि और अधिभार (सरचार्ज) में कुल 15 करोड़ 22 हजार रुपए की भारी छूट प्रदान की गई है। समाधान योजना का मुख्य उद्देश्य बीपीएल, निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं और कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत अब तक 31392 निष्क्रिय उपभोक्ता सफलतापूर्वक लाभान्वित हो चुके हैं। साथ ही योजना के दायरे में आने वाले कुल 19188 पात्र सक्रिय उपभोक्ताओं में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। राजनांदगांव रीजन के अंतर्गत चारों जिलों के 7 विद्युत संभागों में सर्वाधिक पंडरिया संभाग से 17739, कवर्धा संभाग से 15325, मोहला संभाग से 2784, राजनांदगांव संभाग से 4775, खैरागढ़ संभाग से 3488, डोंगरगढ़ संभाग से 5182 एवं डोंगरगांव संभाग से 1207 सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ता लाभान्वित हो चुकें हैं। इन सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि एवं अधिभार (सरचार्ज) में 15 करोड़ 22 हजार रुपए की राशि का छूट प्रदान किया जा चुका है। लाभान्वित उपभोक्ताओं द्वारा सक्रियता दिखाते हुए अब तक लगभग 03 करोड़ 35 लाख 55 हजार रुपए की बकाया राशि विभाग में जमा की जा चुकी है। सीएसपीडीसीएल राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि योजना का लाभ हर पात्र उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए संभाग के 66 वितरण केंद्रों एवं 3 जोनों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की टीमें न केवल केंद्रों पर मौजूद हैं। बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना की पात्रता और छूट की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जागरूक कर रही हैं। विभाग का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पात्र उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे में लाना है। कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि ऐसे बीपीएल, घरेलू एवं कृष श्रेणी के उपभोक्ता जो 31 मार्च 2023 से पूर्व के बकाया बिजली बिलों के कारण आर्थिक दबाव महसूस कर रहे हैं।

# उपचुनाव का करेंगे पूर्ण बहिष्कार, दोषियों पर कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



- ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, सरपंच-सचिव पर सोलर प्लांट कंपनी को फर्जी एनओसी देने का आरोप
- कहा- हजारों फलदार वृक्षों की हुई कटाई, जांच के बाद भी नहीं हुई एफआईआर, शासन-प्रशासन की होगी जिम्मेदारी

डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीवानझिटिया में स्थानीय प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। आगामी 1 जून को होने वाले जनपद पंचायत सदस्य के उपचुनाव का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान करते हुए ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) डोंगरगांव को एक लिखित आवेदन सौंपा है। ग्रामीण इस बात से खासे नाराज हैं कि गंभीर भ्रष्टाचार की शिकायत और जांच के बाद भी दोषियों पर अब तक कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई या एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

एसडीएम कार्यालय पहुंचे दीवानझिटिया के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्थानीय सरपंच और सचिव द्वारा ग्रामसभा को बिना सूचित किए और बिना किसी वैध प्रस्ताव के नियमों को ताक पर रखकर सोलर प्लांट कंपनी साइरस को फर्जी तरीके से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दिया गया। इस फर्जीवाड़े के परिणाम स्वरूप क्षेत्र में पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाते हुए हजारों फलदार वृक्षों की बेरहमी से कटाई कर दी गई। इतना ही नहीं, नियमों के विपरीत जाकर कृषि भूमि को गैर-कृषि भूमि के रूप में डायवर्सन (व्यपवर्तन) भी करा दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर और बड़े भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत पूर्व में कलेक्टर राजनांदगांव से की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर द्वारा एक विशेष जांच समिति भी ग्राम में भेजी गई थी। समिति ने मौके पर पहुंचकर जांच तो की, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी जांच समिति द्वारा अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। रिपोर्ट में हो रहे इस जानबूझकर विलंब के कारण दोषियों के हौसले बुलंद हैं और उन पर कोई ठोस प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हो पा रही है। प्रशासनिक सुस्ती और लेत-लतीफी से तंग आकर समस्त ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि वे आगामी 1 जून को होने वाले जनपद सदस्य के उपचुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे और चुनाव का पूरी तरह बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने दोटूक शब्दों में कहा कि यदि समय रहते दोषियों को जेल नहीं भेजा गया, तो इस बहिष्कार और इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। इस संवेदनशील मामले में डोंगरगांव एसडीएम श्रीकांत कोर्राम ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शिकायत बेहद गंभीर है। ग्रामीणों के आवेदन और जांच रिपोर्ट के तथ्यों के आधार पर नियमानुसार निष्पक्ष व कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# घुमका को आत्मनिर्भर और व्यवस्थित नगर बनाने का संकल्प लेकर मैदान में उतरीं किरण वर्मा



घुमका (दावा)। राजनांदगांव नगर पंचायत घुमका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा लगातार जनसंपर्क कर आमजन का आशीर्वाद प्राप्त कर रही हैं। इसी क्रम में उन्होंने नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर नागरिकों से मुलाकात की तथा महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजनों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान आयोजित नुक्कड़ सभाओं में श्रीमती किरण वर्मा ने कहा कि घुमका केवल एक नगर नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के सपनों और भविष्य का केंद्र है। नगर की व्यवस्था को बेहतर बनाना, युवाओं के लिए अवसर उपलब्ध कराना, महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना और हर वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का चुनाव नहीं, बल्कि घुमका के भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। वर्षों से नगर की कई समस्याएं केवल कागजों तक सीमित रही हैं। अब समय आ गया है कि जनता ऐसे नेतृत्व को चुने जो केवल वादे न करे, बल्कि जिम्मेदारी के साथ कार्य भी करे। श्रीमती वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार विकास और सुशासन की पहचान बन चुकी है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए नगर पंचायत में भाजपा की मजबूत परिषद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, बेहतर सड़कें, पेयजल सुविधा और नागरिक सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि घुमका के विकास में युवाशक्ति की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। आने वाले समय में खेल, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे ताकि नगर के युवाओं को बाहर भटकना न पड़े। जनसंपर्क के दौरान नागरिकों ने श्रीमती किरण वर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें भारी समर्थन देने का भरोसा दिलाया। महिलाओं ने नगर की समस्याओं को सामने रखा। जिस पर उन्होंने संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। पूरे क्षेत्र में भाजपा के समर्थन में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर नूतन साहू, प्रकाश वर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# महिला जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं ने लिया स्वच्छता और नशा मुक्ति का संकल्प



जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट द्वारा शीतला माता मंदिर परिसर में संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। शीतल पारा राजनांदगांव में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सर्वप्रथम चैरिटी के महिला सदस्य श्रीमती कौशल्या बाई सहारे ने महिलाओं का समाज में महत्वपूर्ण स्थान पर संबोधन करते हुए कहा महिलाओं का जीवन त्याग और ममता, करुणा मयी होता है।

वह घर परिवार में अहम भूमिका निभाते हुए घर परिवार को जोड़ती है स्वच्छता के प्रति वे सदैव जागृत रहकर घर परिवार की गंदगी को बाहर करती है, तथा समाज में रहकर नशा न करने की नसीहत भी देती रहती है। इस प्रकार स्वच्छता और नशा मुक्ति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान सर्वोपरि है। इसी कड़ी में चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे ने महिलाओं का सम्मान करते हुए कहा महिला लक्ष्मी का स्वरूप होती है।

वह किसी प्रकार की फिजूल खर्चे नहीं करती, वह साफ सफाई के प्रति विशेष जागृत रहती है और घर परिवार को जोड़कर रखती हैं। परिवार में क्लेश-द्वेष मिटाकर शांति स्थापित करें, घर समाज में समृद्धि की जिंदगी को लाती है। वह नशा से दूर रहती है, इसीलिए पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का समाज-देश में महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए सभी महिलाएं जागृत रहकर सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्य करते रहना चाहिए।

इस प्रकार चैरिटी के महिला जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित शीतला पारा के महिलाओं ने भी स्वच्छता और नशा मुक्ति के संदर्भ में महत्वपूर्ण काम करने का संकल्प लिया तथा अन्य महिलाओं को भी स्वच्छता और नशा मुक्ति के संदर्भ में अगर करने का संकल्प लिया।

# सुशासन तिहार सुमीन, सुशीला एवं पंचवती के लिए रहा सुखद



प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत शिविर में आसानी से कराया ई-केवायसी
गैस कनेक्शन मिलने से परिवार के सदस्यों के लिए झटपट भोजन हो रहा तैयार
सरकार ने महिलाओं का रखा ध्यान, हुई समय की बचत, मिली धुएं से मुक्ति

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार सुमीन तारम, सुशीला मंडावी एवं पंचवती तारम के लिए सुखद रहा। छुरिया विकासखंड के दूरस्थ ग्राम जोब में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में सुमीन तारम, सुशीला मंडावी एवं पंचवती तारम ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन के लिए ई-केवायसी कराया। शिविर में तत्काल ई-केवायसी होने पर प्रसन्नता जाहिर की।

श्रीमती पंचवती तारम ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिलने से बहुत सुविधा मिली है। अब परिवार के सदस्यों के लिए झटपट भोजन तैयार हो जाता है। समय की बहुत बचत हुई है। पहले भोजन बनाने में बहुत समय लगता था। जंगल से लकड़ी लाने के बाद चूल्हे पर खाना पकाने से धुएं से आंखे लाल हो जाती थी। भोजन पकाने में भी बहुत समय लगता था। अब स्वास्थ्य भी अच्छा है और खाना भी जल्दी बन जाता है। उन्होंने बताया कि अब वे अपने लिए समय निकाल पाती है। जब भी समय मिलता है, थोड़ी देर के लिए टीवी देख लेती हैं। खेतों में कार्य करने के लिए भी समय पर चली जाती है।

श्रीमती सुशीला तारम ने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन का ई-केवायसी हो गया है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए एक उपहार की तरह है। भोजन जल्दी बनने से परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठ कर भोजन करते हैं।

शिविर की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे शिविर बहुत फायदेमंद है। यहां महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड सहित विभिन्न प्रकार के कार्य शीघ्रता से हो रहे है। सुमीन तारम ने कहा कि गैस कनेक्शन मिलने का बहुत लाभ मिला और खाना तुरंत बन जाता है। जिससे घर में खुशी का माहौल है। तीनों हितग्राहियों ने तहेदिल से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं का ध्यान रखा है और इस योजना से उन्हें धुएं से मुक्ति मिल गई है।

# राजनांदगांव में चमकी सौर ऊर्जा: 3500 घरों में लगे सोलर प्लांट

राजनांदगांव (दावा)। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों में 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में रिकॉर्ड तेजी आई है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि, इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में अब तक लगभग 3500 सौर संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। इससे लाभांवित होने वाले घरेलू उपभोक्ता न केवल खुद बिजली का उत्पादन कर रहे हैं, बल्कि अपने मासिक बिजली बिलों से भारी राहत भी पा रहे हैं। कई घरों का बिजली बिल अब घटकर शून्य (जीरो) हो गया है।

## 2406 उपभोक्ताओं को मिल चुकी है सब्सिडी की राशि

योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी का प्रमाण देते हुए कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने एक महत्वपूर्ण आंकड़े की जानकारी दी। उन्होने बताया कि, तीनो जिलों के अब तक 2406 उपभोक्ताओं को केन्द्र और राज्य की ओर से मिलने वाली सब्सिडी राशि का सीधा भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के कारण नेट मीटरिंग लगते ही उपभोक्ताओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी ट्रांसफर की जा रही है, जिससे उन्हे बड़ी वित्तीय राहत मिली है।

## पंजीकृत वेंडरों को कार्य में तेजी लाने के कड़े निर्देश

योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने जिले के सभी पंजीकृत वेंडरों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि, जिन उपभोक्ताओं ने वेंडर का चयन कर लिया है और जिनकी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, उनके घरों में यथाशीघ्र और समय-सीमा के भीतर सोलर प्लांट स्थापना का कार्य पूरा किया जाए। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



कई उपभोक्ताओं का बिजली बिल हुआ जीरो, 2406 उपभोक्ताओं को मिली सब्सिडी

उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे वेंडरो के कार्यों की नियमित निगरानी करें ताकि उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द योजना का लाभ मिल सके।

## सोलर प्लांट से हर महीने बिजली उत्पादन के आंकड़े

1 किलोवाट का सोलर प्लांट हर महीने लगभग 120 से 150 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होता है। 2 किलोवाट का सोलर प्लांट हर महीने लगभग 240 से 300 यूनिट तक बिजली बनती है। 3 किलोवाट का सोलर प्लांट हर महीने लगभग 360 से 450 यूनिट तक भारी मात्रा में बिजली का उत्पादन होता है। प्रमुख सरकारी और निजी बैंकों द्वारा आकर्षक और रियायती ब्याज दर पर लोन दिया जा रहा है। उपभोक्ता इस लोन को आसान मासिक किस्तों में चुका सकते हैं।

बिजली बिल में होने वाली भारी बचत से ही इस लोन की किस्त आसानी से निकल जाती है। राजनांदगांव जिले में अब तक 6,052 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। औपचारिकताएं पूर्ण करने वाले 6,045 उपभोक्ताओं में से 5,670 ने अपने वेंडर का चयन भी कर लिया है। जिसमें राजनांदगांव जिले में 2899, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 401 तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में 181 उपभोक्ताओं के घरों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। उपभोक्ताओं को त्वरित स्वीकृति, नेट मीटरिंग और सब्सिडी ट्रांसफर का लाभ देने के लिए बिजली कंपनी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## केंद्र और राज्य सरकार दे रही है बंपर सब्सिडी

1 किलोवाट प्लांट पर केंद्र से 30,000 रुपये, राज्य से 15,000 रुपये = कुल 45,000 रुपये सब्सिडी। 2 किलोवाट प्लांट पर केंद्र से 60,000 रुपये, राज्य से 30,000 रुपये=कुल 90,000 रुपये सब्सिडी। 3 किलोवाट या अधिक पर केंद्र से अधिकतम 78,000 रुपये, राज्य से 30,000 रुपये= कुल 1,08,000 रुपये की भारी सब्सिडी।

कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने 03 जिलों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि, वे दीर्घकालीन बिजली बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ एवं आत्मनिर्भर ऊर्जा का सीधा लाभ उठाने के लिए इस कल्याणकारी योजना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जल्द से जल्द अपना ऑनलाइन आवेदन (pmsuryaghar.gov.in) पूरा करें।

# कृषि उपज मंडी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, व्यापारियों ने जताई नाराजगी

**सब्जी, फ्रूट एवं अनाज मंडी की समस्याओं के समाधान की मांग**

**राजनांदगांव (दावा)।** कृषि उपज मंडी स्थित सब्जी मंडी, फ्रूट मंडी एवं अनाज मंडी में मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर व्यापारियों एवं संबंधित लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मंडी परिसर में पानी, बिजली, सड़क, शेड एवं सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। जिससे व्यापारियों, किसानों, मजदूरों तथा आम जनता को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि मंडी परिसर में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था नहीं होने से गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। वहीं बिजली व्यवस्था भी लगातार प्रभावित रहने से कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। रात के समय सुरक्षा व्यवस्था लगभग न के बराबर होने से चोरी एवं अन्य अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है। मंडी से जुड़े लोगों का कहना है कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में आम नागरिक, कृषक, मजदूर, व्यापारी, परिवहनकर्ता एवं कर्मचारी यहां कार्यरत रहते हैं। इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। व्यापारियों ने मंडी प्रशासन एवं संबंधित विभाग से शीघ्र आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।

### सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग

फ्रूट एवं सब्जी मंडी के व्यापारियों ने मंडी प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए त्रिनेत्र कैमरों की संख्या बढ़ाने तथा उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि इससे चोरी एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा सब्जी मंडी में प्रतिदिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए दोनों तरफ के प्रवेश एवं निकास द्वारों को नियमित रूप से चालू रखने की मांग भी की गई है। जिससे वाहनों एवं आम नागरिकों का आवागमन सुगम हो सके।

### अनाज मंडी में धान आवक से बढ़ी परेशानी

व्यापारियों ने बताया कि अनाज मंडी साइड में अत्यधिक धान आवक के कारण बार-बार मंडी की नीलामी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जो व्यापारियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। इस ओर मंडी प्रशासन का विशेष ध्यान देना आवश्यक है। नीलामी प्रभावित होने से किसानों एवं मंडी में कार्यरत मजदूरों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने यह भी बताया कि अनाज मंडी परिसर में पीने के पानी की समस्या, जर्जर सड़कों की स्थिति तथा पर्याप्त शेड की कमी लंबे समय से बनी हुई है। भीषण गर्मी के इस दौर में किसान, मजदूर और व्यापारी प्रशासन से त्वरित राहत एवं आवश्यक सुविधाओं की अपेक्षा कर रहे हैं। व्यापारी प्रतिनिधियों मुरली फगवानी, संजय तेजवानी, राहुल जायसवाल, अशोक सेठिया, अजय जायसवाल, बंडू भाऊ एवं प्रदीप जायसवाल (गोलू) ने कहा कि मंडी क्षेत्र जिले की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां मूलभूत सुविधाओं का बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है। कैट व्यापारी संगठन से जुड़े विनोद जैन, विक्की डागा, सोहन देवांगन, सुरेन्द्र गुप्ता, संजू शर्मा, बालाजी, सुनील उभरानी एवं प्रतीक अग्रवाल ने मंडी प्रशासन से सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग करते हुए कहा कि कृषि उपज मंडी जिले की अर्थव्यवस्था का प्रमुख केंद्र है, इसलिए यहां आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है।

# बागरेकसा-मडियान मार्ग में दिनदहाड़े दिखा भालू, क्षेत्रवासियों में दहशत



**० भीषण गर्मी में पानी की तलाश में मुख्य सड़क तक पहुंचा वन्यजीव, राहगीरों को देख अपनाया आक्रामक रुख**

**० जंगल से लगे गांवों में अलर्ट, अकेले जाने के बजाय समूह में चलने और वन्यजीव को न छेड़ने की अपील**

डोंगरगढ़/चारभांठा (दावा)। ग्राम बागरेकसा से माडियान जाने वाले मुख्य मार्ग पर बागरेकसा गांव के बिल्कुल नजदीक दिनदहाड़े एक विशालकाय भालू सड़क के किनारे देखा गया है। इस घटना से पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों और राहगीरों में जबरदस्त दहशत का माहौल है। माना जा रहा है कि इस समय पड़ रही भीषण गर्मी और पानी के स्त्रोतों के सूखने के कारण यह वन्यजीव पानी की तलाश में भटकते हुए जंगल से निकलकर मुख्य मार्ग तक पहुंच गया था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब रास्ते से गुजर रहे राहगीर कौतूहलवश रुककर उसे देखने लगे तो इंसानी दखल से भालू ने अचानक आक्रामक रुख अपना लिया और अपने दोनों पैरों पर खड़ा हो गया। हालांकि, कुछ देर बाद भालू बिना किसी को नुकसान पहुंचाए वापस जंगल की ओर लौट गया। इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को बेहद सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इसके साथ ही, पास के कोहलकसा जंगल में भी भालुओं की सुगबुगाहट पाई गई है। जिससे आसपास के रिहायशी इलाकों में खतरा और अधिक बढ़ गया है।

### वन्यजीव को देखकर कौतूहल न दिखाएं, तुरंत बनाएं सुरक्षित दूरी

कोहलकसा और बागरेकसा जंगल की सीमा से लगे पूरे गांवों, क्षेत्र के निवासियों और इस मार्ग से नियमित गुजरने वाले राहगीरों को वन विभाग व जानकारों ने विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। लकड़ी बिनने, महुआ या अन्य वनोपज का संग्रह करने जंगल जाने वालों को हिदायत दी गई है कि रास्ते में या जंगल के आसपास भालू दिखने पर कौतूहलवश रुककर उसे देखने, उसका वीडियो बनाने या उसे परेशान करने की गलती कतई न करें और तुरंत चुपचाप सुरक्षित दूरी बना लें।

### अकेले जाने से बचें, शोर मचाने या पत्थर फेंकने की भूल न करें

प्रभावित क्षेत्रों और जंगल वाले रास्तों पर हमेशा अकेले जाने के बजाय समूह (ग्रुप) में चलें। चलते समय आपस में बातचीत करते रहें या थोड़ी आवाज करते रहें, ताकि जानवर आपकी मौजूदगी से पहले ही सतर्क होकर खुद रास्ता छोड़ दे। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि वन्यजीव को अचानक सामने देखकर घबराकर चिल्लाने, भगदड़ मचाने, शोर करने या उस पर पत्थर फेंकने जैसी आक्रामक हरकत भूलकर भी न करें। ऐसी स्थिति में भालू डरकर या भड़ककर आत्मरक्षा में सीधे इंसानों पर जानलेवा हमला कर सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी वन्यजीव की दोबारा हलचल दिखने पर तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दें।

# लंबित अपराधों और शिकायतों का त्वरित निराकरण करें : आईजी बालाजी राव

**बैठक में राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़ और मोहला-मानपुर के पुलिस कप्तान रहे मौजूद**



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बालाजी राव द्वारा आज रेंज के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों की एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान आईजी ने रेंज की विभिन्न इकाइयों में पिछले 6 महीने से अधिक समय से लंबित पड़े अपराधों, चालानों, मर्ग, गुम इंसान और आम नागरिकों की शिकायतों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी पुलिस कप्तानों को सख्त हिदायत देते हुए इन सभी मामलों का त्वरित और समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टोरेट या पुलिस मुख्यालय स्तर पर आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में कानून व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद बनाने पर जोर दिया गया। आईजी श्री राव ने कहा कि पुलिस की उपस्थिति सड़कों पर दिखनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव और अपराधियों में खौफ पैदा हो सके।

### रात्रि गश्त और संध्याकालीन पेट्रोलिंग पर विशेष जोर


समीक्षा बैठक के दौरान रेंज प्रमुख ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए मोटरयान अधिनियम के तहत लगातार चालानी कार्रवाई करने और लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों के स्थाई वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने थानों के औचक निरीक्षण, माननीय उच्चतम एवं उच्च न्यायालयों में लंबित जवाब-दावा के प्रकरणों के त्वरित निष्पादन और सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई। इसके साथ ही उन्होंने सभी थाना क्षेत्रों में शाम के वक्त टाउन पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त व्यवस्था को और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाने के कड़े निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (स्स्क) मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी वाय.पी. सिंह, कबीरधाम (कवर्धा) पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा एवं राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव बदले गए, रक्षित केंद्र भेजे गए

**दिलीप पटेल बने सोमनी के नए थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक धनीराम नारंगे को तुमड़ीबोड़ चौकी की कमान**

राजनांदगांव (दावा)। जिले की कानून व्यवस्था और पुलिस सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत व गतिशील बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण फेरबदल किया गया है। एसपी द्वारा जारी आदेश के तहत शहर सहित आस-पास के थाना व चौकी प्रभारियों को इधर से उधर (तबादला) किया गया है। इस नए प्रशासनिक आदेश के तहत सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव को वहां से हटाकर रक्षित केंद्र (लाइन) राजनांदगांव संबद्ध किया गया है। वहीं कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए सिटी कोतवाली थाने में पदस्थ अनुभवी उप-निरीक्षक धनीराम नारंगे को तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में तुमड़ीबोड़ चौकी के वर्तमान प्रभारी दिलीप पटेल को पदोन्नत करते हुए सोमनी थाना प्रभारी का नया कार्यभार सौंपा गया है। पुलिस विभाग द्वारा किए गए इस आकस्मिक फेरबदल को क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में कसावट लाने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# दुखद : पुत्र की मौत की खबर सुनते ही पिता ने भी तोड़ा दम, चौखड़िया पारा में शोक की लहर





राजनांदगांव (दावा)। शहर के चौखड़िया पारा से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। चौखड़िया पारा निवासी मांगीलाल शर्मा उम्र लगभग 80 वर्ष एवं उनके पुत्र चंद्रप्रकाश शर्मा 'चंदू' 45 वर्ष का आज रात निधन हो गया। जानकारी के अनुसार चंद्रप्रकाश शर्मा का निधन हुआ। पुत्र की मौत की खबर सुनते ही पिता मांगीलाल शर्मा को गहरा सदमा लगा और कुछ ही समय बाद उन्होंने भी अंतिम सांस ली। पिता-पुत्र के एक साथ निधन की खबर से पूरे वार्ड और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही उनके निवास स्थान पर लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों के अनुसार दोनों की अंतिम यात्रा सुबह 9.30 बजे निवास स्थान चौखड़िया पारा से निकाली जाएगी। ज्ञात रहे कि ये दालसीरा की दुकान का संचालन गौशाला पारा में करते थे। यह इसी नाम से जाने पहचाने जाते थे।

# राजपूत करणी सेना में संजय बहादुर सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय स्तर पर सक्रिय संगठन श्री राजपूत करणी सेना ने संगठन विस्तार करते हुए संजय बहादुर सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन की ओर से जारी नियुक्ति पत्र में उन्हें तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए यह दायित्व दिया गया है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार संजय बहादुर सिंह का कार्यकाल 29 मई 2026 से 29 मई 2029 तक प्रभावी रहेगा। संगठन के प्रमुख अनुराग प्रताप सिंह राघव द्वारा जारी पत्र में अपेक्षा जताई गई है कि वे संगठन की गरिमा और अनुशासन बनाए रखते हुए समाज एवं संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करना होगा तथा किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत या राजनीतिक दुरुपयोग की स्थिति में पद मुक्त किए जाने की कार्रवाई की जा सकती है। अपनी नियुक्ति के बाद संजय बहादुर सिंह ने कहा है कि सबसे पहले समाज को एकजुट करने का कार्य किया जाएगा। पूरे प्रदेश में नई कार्यकारिणी बनाए जाने को लेकर रणनीति तैयार कर ली गई है। जल्द ही प्रदेश स्तरीय बैठक में आगे की रूपरेखा तय की जाएगी।

# 'भूपेश बघेल खिसयानी बिल्ली बन खंबा नोच रहे हैं'- मधुसूदन, कोमल सिंह



घुमका (दावा)। नगर पंचायत चुनाव प्रचार अभियान चरम सीमा की ओर है नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा व वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने भाजपा कार्यकर्ता टिड्डी दल की भांति वार्ड वार्ड में अंतिम दौर के खंदक की लड़ाई जीतने के लिए जी जान से जुट गए हैं। पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में लगातार रैलियां नुक्कड़ सभाएं व घर-घर संपर्क के माध्यम से वातावरण को कमल फूलमय बनाने का अंतिम प्रयास जारी है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी के दो वरिष्ठ नेता चुनाव संचालक मधुसूदन यादव व जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भाजपा सरकार के प्रति दिए गए बयान की बखियां उधेते हुए कहा कि भूपेश बघेल को विश्व में छाए संकट का ज्ञान नहीं है। तभी वह केंद्र की मोदी सरकार के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। उन्हें देश के पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल व अफगानिस्तान इसके अलावा विश्व के संपन्न देशों अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस, इटली व चीन जैसे देशों में डीजल पेट्रोल आसमान छूती कीमतों का पता लगा लेना चाहिए। इन देशों में पेट्रोलियम पदार्थों का कीमत 50 प्रतिशत से ऊपर बढ़ा दी गई है। इतना ही नहीं बल्कि डीजल और पेट्रोल को लेकर पड़ोसी देशों सहित अन्य देशों में मारामारी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बावजूद इसके भारत विश्व के तमाम संकटों को घता बताते हुए आर्थिक मोर्चे व महंगाई के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी की कुशल नीतियों की वजह से स्थिर खड़ा हुआ है।

नेता द्वय ने भूपेश बघेल के भाषण पर चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस शासन काल में देश की अर्थव्यवस्था विश्व के 10 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भी शामिल नहीं था। जबकि मोदी शासन काल में हम जापान जैसे देश को पीछे छोड़कर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार हो चुके हैं। शीघ्र ही हम विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेंगे और आगे चलकर हमारा देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा। जिसकी नीव मोदी सरकार में रखी जा चुकी है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में दोनों नेताओं ने जनता से कांग्रेस के अनर्गल बातो से भ्रमित ना होने का आह्वान करते हुए कहा कि भूपेश बघेल की स्थिति 'खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे' के समान हो गई है। अतएव उन्होंने मतदाता भाई बंधुओ से भाजपा प्रत्याशी नगर पंचायत की उम्मीदवार किरण वर्मा एवं वार्डों में लड़ रहे भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा की घुमका नगर के विकास का द्वार भाजपा प्रत्याशी के विजयी होने पर ही खुलेगा और विजय आप देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से ही संभव होगा।

# बारिश से पहले सड़कों का डामरीकरण पूर्ण करने के महापौर ने दिए निर्देश

**पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण डामर सप्लाई प्रभावित, राज्य शासन की राहत से आसान होगा रास्ता**



राजनांदगांव (दावा)। शहर की सड़कों में डामरीकरण चालू करने महापौर मधुसूदन यादव आज अपने कक्ष में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा की उपस्थिति में ठेकेदारो की बैठक लेकर डामरीकरण कार्य चालू करने के निर्देश दिए। महापौर श्री यादव ने कहा कि बारिश का मौसम आने वाली है। उसके पूर्व डामरीकरण कार्य किया जाना है। इस संबंध में उन्होंने ठेकेदार से बिन्दुवार चर्चा की। ठेकेदारो ने कहा कि वर्तमान में डामर सप्लाई नही हो पा रही है। वैश्विक परिस्थिति में पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के कारण डामर सप्लाई नही हो रही है। जिससे डामरीकरण कार्य प्रभावित हो रहा है। डामर सिर्फ मुंबई में मिल रहा है। जहां लगातार सम्पर्क किया जा रहा है। हमारी कंपनी की गाड़िया मुंबई में लगी हुई है। डामर मिलने की स्थिति में काम चालू किया जाएगा। महापौर ने कहा कि मंत्रि परिषद की बैठक में बिटुमिन (डामर) की कीमतों में हुई असाधारण और अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए राज्य के हित और निर्माण कार्यो में निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से 1 अप्रैल से 30 जून 2026 की अवधि के लिए अनुबंधित ठेकेदारों को सीमित एवं आंशिक मूल्य राहत (क्षतिपूर्ति) प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिसके आधार पर डामर मिलने का रास्ता असान हो रहा है। अतः आप लोग शहर की सड़को का डामरीकरण कार्य शुरू करें।

ठेकेदारों ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में 10 दिवस के अंदर गाड़ी आने की संभावना है। गाड़ी आते ही डामरीकरण किया जायेगा। महापौर श्री यादव ने कहा कि एक एक सड़को का डामरीकरण चालू करे। क्वालिटी कर्स्ट्रक्शन के द्वारा कौरिनभाठा रोड में डामरीकरण चालू किया गया है। आप लोग भी कोशिश कर डामरीकरण चाहू करे।

# नकारे सिस्टम की संवेदनहीनता, अस्पताल ने गलत रिपोर्ट दी, किशोरी को पूरी रात थाने में बिठाया, जख्म देने वाले बर्खास्त हों : जितेंद्र मुदलियार

**मानवता को कुचलने वाले क्रूर सिस्टम का संगठित अत्याचार उजागर**



राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने सोमनी थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के साथ हुई अमानवीय घटना को प्रदेश की बदहाल व्यवस्था, बेलगाम पुलिस तंत्र और नकारे प्रशासनिक सिस्टम का भयावह चेहरा बताया है। उन्होंने कहा कि एक गरीब परिवार की मासूम बच्ची को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोमनी ने गलत रिपोर्ट देकर मानसिक सदमे में धकेल दिया। फिर पुलिस ने कानून और मानवता दोनों को कुचलते हुए पूरी रात थाने में बिठाकर उससे पूछताछ की। प्रताड़ित किया और महिला आरक्षक द्वारा मारपीट तक की गई। यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि संवेदनहीनता और क्रूर सिस्टम का संगठित अत्याचार है।

मुदलियार ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के क्षेत्र में प्रशासनिक अराजकता चरम पर है। यहां गरीब, महिलाएं और नाबालिग तक सुरक्षित नहीं हैं। जिन लोगों को न्याय और सुरक्षा देनी चाहिए। वही लोग बच्ची के शरीर और आत्मसम्मान पर जख्म देने का काम कर रहे हैं। सरकार आखिर किस मुंह से सुशासन का दावा कर रही है। जब एक मासूम बच्ची को बिना गलती के अपराधियों की तरह प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार ने उनसे मिलकर पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों के साथ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर दोषियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन के निगरानी तंत्र की विफलता पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। मुदलियार ने कहा कि पेट दर्द की शिकायत पर किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोमनी ले जाया गया था। जहां जांच के बाद उसे गर्भवती घोषित कर दिया गया। इस गलत रिपोर्ट ने पूरे परिवार को मानसिक आघात पहुंचाया। बाद में मामला थाने पहुंचा तो पुलिस ने पहले उन्हें घर भेज दिया, लेकिन देर रात बच्ची को रिश्तेदार के घर से उठाकर थाने ले जाया गया और पूरी रात उसे परिजनों से दूर बैठाकर दबाव में पूछताछ की जाती रही। एक नाबालिग बच्ची भय और अपमान के बीच पूरी रात सहमी रही। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे दिन सखी सेंटर ले जाते समय महिला आरक्षक ने बच्ची से गाली-गलौच की और उसके साथ मारपीट भी की। बच्ची के शरीर पर चोट के निशान हैं। सबसे शर्मनाक बात यह है कि बाद में चार अलग-अलग जांचों में बच्ची के गर्भवती होने की बात पूरी तरह गलत साबित हो गई। यानी एक गलत मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पूरे सिस्टम ने नाबालिग और उसके परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा, मानसिक स्थिति और आत्मसम्मान को रौंद डाला।

मुदलियार ने कहा कि यह मामला केवल लापरवाही का नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में पल रही संवेदनहीनता और क्रूरता का उदाहरण है। जिन लोगों ने यह मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी है। उन्हें केवल लाइन अटैच या नोटिस देकर नहीं छोड़ा जा सकता। दोषी स्वास्थ्य कर्मियों, पुलिसकर्मियों और संबंधित अधिकारियों को तत्काल बर्खास्त कर उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। इस दौरान पीड़िता के परिजनों के अलावा कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# गांजा बेचते पठानपारा का शातिर तस्कर गिरफ्तार, 3 किलो मादक पदार्थ जब्त



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली व सायबर सेल टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2.920 किग्रा गांजा जिसकी कीमत 30 हजार रुपए बताई जाती हैं, बरामद किया गया। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि शुक्रवार 29 मई को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बैगापारा पानी टंकी के सामने शिव चबुतरा लखोली में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश रहा है।

### लखोली में घेराबंदी कर पकड़ाया आरोपी

उक्त सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम व पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम मोहम्मद रजा पिता अब्दुल अजीज उम्र 32 साल निवासी पठानपारा के पीछे का रहने वाला बताया। उसके पास रखे एक चाकलेटी कलर के थैले के अंदर तलाशी लेने पर सफेद झिल्ली में मादक पदार्थ गांजा वजनी 2.920 किग्रा मिला जिसे मौके पर जप्त व संपूर्ण कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और उसके आरोपी खिलॉफ नाराकोटिक्स ड्रग्स एण्ड साईक्रोट्रोपिक सब्सटानसिस एक्ट 1985 की धारा 20 (बी) के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अप0क्र0 280/26 धारा 20-बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर आज दिनांक 29.05.2026 को आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

(हेमंत साहू) 98271-56852 94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु संपर्क करें
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा

नंदई, कुआं चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

आवश्यकता है
AB फाइनेंस सर्विस
टेली कॉलिंग के लिए 2 पद लड़कियों के लिए।
वेतन 5000/- से 8000/-
- संपर्क करें -
पता-दिग्विजय कॉलेज रोड गोपी बर्तन दुकान के पास, राजनांदगांव
मो. 8962993342

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com